12 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 85

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# राहुल तुरी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## हजारीबाग जिला का था मोस्ट वांटेड गैंगस्टर

### हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान में मिली कामयाबी

**अमरजीत**

**कुजू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के संयुक्त अभियान के तहत शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा स्थित आम बागान के पूर्वी क्षेत्र के जंगली इलाके में अपराधियों के साथ मुठभेड़ हो गयी। इसमें अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग के जवाब में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में कुख्यात गैंगस्टर राहुल तुरी उर्फ आलोक तुरी मौके पर ढेर हो गया। उसका एक सहयोगी आकाश करमाली पुलिस के हत्थे चढ़ा। वहीं, इनका तीसरा साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

**क्या कहा रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने :** घटना की जानकारी देते हुए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने कहा कि राहुल तुरी उर्फ आलोक ने तीन दिन पूर्व उरीमारी के विस्थापित झामुमो नेता संतोष सिंह की दिनदहाड़े हत्या कर खुलेआम इसकी जिम्मेदारी ली थी। वैसे भी इस पर 20 से 25 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही, इसके उग्रवादी संगठन टीपीसी से जुड़े होने की सूचना है। इसको लेकर आलोक तुरी हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के रडार पर था। इसी दौरान शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि इनकी मौजदूगी कुजू क्षेत्र के आसपास है, जहां किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसको लेकर आनन फानन में दोनों जिला के पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। टीम द्वारा इनकी सघन घेराबंदी के दौरान उक्त स्थल पर इनका मुकाबला पुलिस टीम से हुआ। यहां दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान राहुल उर्फ आलोक तुरी मारा गया। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में मोबाइल फोन एवं हथियार बरामद किया है। घटनास्थल से पुलिस ने अपराधियों द्वारा छोड़ी गयी एक बाइक भी बरामद की है।



### घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी

हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद और चंदन वत्स, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआइ मुकेश कुमार सिंह, कुजू ओपी प्रभार प्रभारी संजय हेंब्रम, मांडू बीडीओ रितिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, घाटों थाना प्रभारी दीपक कुमार सहित भारी संख्या में दोनों जिला के सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।

## टीपीसी से अलग होकर अपना गिरोह विस्तार कर रहा था आलोक तुरी

### खनन और कोल परिवहन एरिया के लिए बन गया था सिरदर्द

**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राहुल तुरी उर्फ आलोक पुलिस विभाग और कोल क्षेत्र के लिए बड़ा नाम था। आलोक सबके लिए सिरदर्द बन गया था। लेकिन इस बार आलोक रॉग नंबर में फंस गया। विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर अपनी जान की आखिरी तारीख तय कर ली थी। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने आलोक को पकड़ने के लिए रामगढ़ के एसपी अजय कुमार के साथ मिल कर चक्रव्यूह रचा। उस चक्रव्यूह में आलोक शनिवार को फंस गया। पुलिस के अनुसार आलोक अपने अंदाज में गोलिबारी शुरू कर दी, जिसके बाद चरही के जांबाज दारोगा गौतम कुमार ने अपनी टीम के साथ मिल कर जबावी कार्रवाई शुरू की। इसमें आलोक ढेर हो गया। उसके बाद दोनों एसपी ने मोर्चा संभाला और एक अपराधी को जिंदा पकड़ लिया।



आलोक तुरी-फाइल फोटो

**टीपीसी में रह कर अपराध की जमीन तैयार की:** आलोक ने टीपीसी में रह कर अपराध की जमीन तैयार की। उसके बाद संगठन से अलग होकर माइनिंग एरिया को टारगेट किया। कोल व्यवसायियों से लेवी मांगनी शुरू की। लेवी नहीं मिलने पर गोलीबारी शुरू कर व्यवसायियों को धमकाने लगा। बात नहीं बनने पर उरीमारी के विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर दी। उसके बाद घटना की जानकारी ली। घटना के बाद आलोक का नाम हजारीबाग और रामगढ़ में गूंजने लगा। उसके बाद फिर एक बार बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मुरपा के मांझी टोला के निकट जंगल में अपने साथियों के साथ जुटा था। लेकिन पुलिस इनकाउंटर में मारा गया। पुलिस इसके बाद बड़ी राहत महसूस कर रही है।

### रामगढ़ एसपी ने दी अपराधियों को चेतावनी

घटनास्थल पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार एक्शन मोड में दिखे। हाथ में पिस्टल लेकर आसपास घूमते रहे। बहुत दिनों के बाद कोई एसपी इस अंदाज में दिखा। घटनास्थल पर उन्होंने कहा कि मैं बार-बार अपराधियों को चेतावनी दे रहा था कि वे अपराध छोड़ दें। नहीं छोड़ेंगे तो यही हश्र होगा। पुलिस कार्रवाई के मोड में आ गयी है। किसी भी हाल में क्षेत्र में अशांति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### पूरी कार्रवाई की खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे एसपी

हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह खुद पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग कर रहे थे। एसपी के साथ होने से टीम में शामिल पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ था। इसी के पुलिस को इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अरविंद सिंह और एसपी अजय कुमार ने टीम में शामिल पदाधिकारियों की पीठ भी थपथपायी।

## रांची में महिला हॉकी लीग का आगाज आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में एक बार फिर रविवार से महिला हॉकी का रोमांच देखने को मिलेगा। रांची में पहली बार महिला हॉकी लीग का आयोजन हो रहा है। महिला हॉकी लीग में चार टीम भाग ले रही हैं। सभी चार टीमों के बीच मुकाबला होगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों को भी खेलते हुए देखा जा सकता है। मैच देखने के लिए आम लोगों का प्रवेश नि:शुल्क होगा। चार टीमों में ओड़िशा वॉरियर्स, बंगाल टाइगर, दिल्ली सीजी और जेएसडब्ल्यू सुरमा शामिल हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# दिल्ली चुनाव का सबसे बड़ा फैक्टर बनेंगे बिहार और उत्तर प्रदेश के वोटर

## ■ पूर्वांचलियों पर टिप्पणी से केजरीवाल ने खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली

## ■ जोश में होश खोना कोई केजरीवाल से सीखे, यूपी-बिहार के वोटरों को फर्जी बोलना महंगा पड़ेगा

## ■ 70 विधानसभा सीटों में दो दर्जन सीटों पर पूर्वांचली वोटरों का दबदबा

## ■ दिल्ली की लड़ाई में यूपी-बिहार की एंट्री से भाजपा को मिल गयी संजीवनी

## ■ चौतरफा घिरने के बाद अब रक्षात्मक मुद्रा में दिख रही आम आदमी पार्टी

आजाद सिपाही विशेष

**कड़ाके की सर्दी के बावजूद दिल्ली की राजनीतिक गर्मी बढ़ती जा रही है। दिल्ली के चुनाव प्रचार अभियान के केंद्र में अब पूर्वांचली, यानी बिहार-यूपी की एंट्री हो गयी है। दिल्ली में पूर्वांचली वोटरों की मौजूदगी के कारण भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच राजनीतिक टकराव में और वृद्धि हो गयी है। यह विवाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने यूपी-बिहार के फर्जी वोटरों और वोटर लिस्ट में हेरफेर का मुद्दा उठाया। उनकी इस टिप्पणी ने एक बड़े चुनावी मुद्दे का रूप अख्तियार कर लिया है। भाजपा ने इसे पूर्वांचली समुदाय का अपमान करार देते हुए इसे केंद्रीय चुनावी मुद्दा बना दिया है। भाजपा ने केजरीवाल पर पूर्वांचली वोटरों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके बयान को राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया है। उसने कहा है कि पूर्वांचली दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस तरह मुद्दों की कमी से जूझ रही भाजपा को बैठे-बिठाये एक बड़ा मुद्दा मिल गया है, जिसका नुकसान अरविंद केजरीवाल और आप को उठाना पड़ सकता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के ठीक पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्वांचल के वोटरों पर इतने सारे आरोप लगा दिये कि भाजपा को मानो जीत की कुंजी मिल गयी हो। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि अब आगामी चुनाव का सबसे बड़ा फैक्टर बिहार और उत्तर प्रदेश के वोटर बनने जा रहे हैं। केजरीवाल भूल गये कि क्षेत्रवाद की इस बीमारी से नुकसान उनका ही होगा, जैसे कि महाराष्ट्र में राज ठाकरे और मनसे का हुआ। केजरीवाल ने शायद राज ठाकरे से सीख नहीं ली। दिल्ली चुनाव में उठे इस नये मुद्दे का क्या होगा असर और अरविंद केजरीवाल की क्या होगी रणनीति, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही सियासी दलों में जुबानी जंग भी तेज हो गयी है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग के समक्ष बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा की शिकायत की। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रवेश वर्मा के घर छापेमारी की मांग कर दी। इसी दौरान उन्होंने नयी दिल्ली सीट पर फर्जी वोटर का मुद्दा उठाया। इसी दौरान केजरीवाल ने अपनी बात रखते हुए यूपी-बिहार के लोगों, यानी पूर्वांचलियों से जुड़ी ऐसी टिप्पणी कर दी, जिसे लेकर बीजेपी को उन पर जवाबी हमले का मौका मिल गया है। बीजेपी ने अब पूर्वांचलियों के अपमान को मुद्दा बना लिया है।

### क्या कहा अरविंद केजरीवाल ने

केजरीवाल ने बीजेपी पर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया और चुनाव आयोग में इसकी शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिन में 13 हजार वोटर बनने के आवेदन आये हैं। जाहिर तौर यह यूपी और बिहार से ला-लाकर और यूपी, आसपास के राज्यों से ला-लाकर फर्जी वोट बनवा रहे हैं ये लोग। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से एक पुराना वीडियो शेयर किया गया। इसमें केजरीवाल को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है कि बिहार से एक आदमी 500 रुपये का टिकट लेता है, दिल्ली में आता है और अस्पताल में पांच लाख रुपये का ऑपरेशन फ्री में करवा कर चला जाता है। बीजेपी अध्यक्ष ने इस पोस्ट के साथ लिखा कि आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। भले यह वीडियो पुराना हो, लेकिन चुनाव में इसका भी असर देखने को मिलेगा। क्योंकि पूर्वांचल का मुद्दा अब गरमा गया है।

### बीजेपी का केजरीवाल पर सीधा हमला

बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पूर्वांचल के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से वह उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये हैं। भाजपा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से दिल्ली पर आपदा बन कर भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा कर केजरीवाल ने लूट मचायी है। अब उन्हें अपनी हार का डर सताने लगा है, जिससे वह बौखला कर उत्तर प्रदेश और बिहार के हमारे भाई-बहनों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर उतारू हो गये हैं। केजरीवाल ने यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी वोटर कह कर उनका अपमान किया है। दिल्ली की जनता उन्हें सत्ता से उखाड़ कर इसका जवाब जरूर देगी।

### पूर्वांचलियों के अपमान का जवाब मिलेगा

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी केजरीवाल पर जोरदार अटैक किया। मनोज तिवारी ने दो टूक कहा कि अरविंद केजरीवाल, यूपी-बिहार, झारखंड के लोगों को बार-बार अपमानित करना बंद कीजिए। आपने इन्हें फर्जी वोटर्स कह कर उनकी मेहनत और सम्मान पर सवाल उठाया है। याद रखिए, पूर्वांचल के ये वही लोग ह, जो 5 फरवरी को आपके इस अपमान का जवाब देंगे।



### यह चुनाव केजरीवाल का आखिरी चुनाव होगा: गिरिराज सिंह

बिहार और यूपी वाले लोगों के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के विवादित बयान से नाराज केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि, जो खुद भ्रष्ट मुख्यमंत्री रहा हो, वह बिहार और यूपी के लोगों के संबंध में अपशब्द बोल रहा है। केजरीवाल ने अन्ना हजारे को धोखा दिया है, अब वो बिहार और यूपी वाले लोगों के ऊपर कटाक्ष कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार और यूपी वाले लोगों की बदौलत वो दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन आज केजरीवाल बिहार और यूपी वाले लोगों को गाली दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार और यूपी के लोग स्वाभिमानी होते हैं। अपने परिश्रम की खाते है। वे उन्हीं के वोट से मुख्यमंत्री बने हैं तो यही लोग उनको गद्दी से उतार भी देंगे। यह चुनाव केजरीवाल का आखिरी चुनाव होगा।

### अरविंद केजरीवाल को बिहारियों से इतनी नफरत क्यों: चिराग पासवान

लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कहा कि अरविंद केजरीवाल का ये बयान बेहद निंदनीय है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल को बिहारियों से इतनी नफरत क्यों? राष्ट्रीय राजधानी के समग्र विकास में यूपी और बिहार के लोगों की एक बड़ी भूमिका रही है। देश और दुनिया भर से लोग नयी दिल्ली आते हैं। ऐसे में बिहारियों का अपमान करना एक सत्ताधारी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। पूर्वांचल के लोगों का अपमान का परिणाम आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को पता चलेगा। नयी दिल्ली में एनडीए की प्रचंड जीत देख कर अरविंद केजरीवाल बौखला गये हैं।

### राजद ने भी जताया विरोध

केजरीवाल की टिप्पणी की गूंज बिहार में भी सुनाई दे रही है। बिहार भाजपा के नेताओं ने कहा है कि यूपी-बिहार-झारखंड के लोगों को बार-बार अपमानित करना बंद होना चाहिए। इन्हें फर्जी वोटर कह कर उनकी मेहनत और सम्मान पर सवाल उठाया गया है। दिल्ली के विकास में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी भूमिका है। राजद ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को यह पता नहीं है कि 2019-20 में कैसे उन्होंने दिल्ली से बिहारियों को भगाने का काम किया था। अरविंद केजरीवाल पूर्वांचल के लोगों से माफी कब मांगेगे? दिल्ली के चुनाव में पूरे पूर्वांचल के लोग अरविंद केजरीवाल को सत्ता से बाहर हटाने का काम करेंगे।

### टिप्पणी पर केजरीवाल ने दी सफाई

अपनी टिप्पणी पर चौतरफा घिरे केजरीवाल को पता चल गया है कि इससे आप की चुनावी संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए उन्होंने सफाई भी दे दी है। उन्होंने कहा कि केवल आप ने ही पूर्वांचली मतदाताओं को सम्मान का जीवन दिया है। वह चुनाव आयोग के पास यह बताने गये थे कि रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की आड़ में भाजपा के लोग पूर्वांचली मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं। लेकिन बदले में भाजपा उनके खिलाफ निराधार आरोप लगा रही है।

अगर कोई पार्टी है, जिसने दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों का सम्मान किया है और उन्हें सम्मान का जीवन दिया है, तो वह आप है।

### दिल्ली में पूर्वांचलियों का प्रभाव

जहां तक दिल्ली में पूर्वांचलियों के प्रभाव का सवाल है, तो दिल्ली में पूर्वांचली वोटरों की राजनीतिक अहमियत किसी से छिपी नहीं है। दिल्ली में 25-30 प्रतिशत वोटर पूर्वांचली हैं, जिनकी जड़ें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ झारखंड से जुड़ी हुई हैं। पूर्वी और उत्तरी दिल्ली के क्षेत्रों में इनका प्रमुख दबदबा है।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से लगभग 25 से 30 सीटों पर पूर्वांचली वोटरों का खास प्रभाव है। इनमें बुराड़ी, पटपड़गंज, उत्तम नगर, बदरपुर, लक्ष्मी नगर, मॉडल टाउन, देवली, अंबेडकर नगर, पालम और विकासपुरी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पिछले चुनावों में पूर्वांचली वोटरों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया है। यहां तक कि केजरीवाल की पार्टी में कई प्रमुख नेता, सांसद और विधायक पूर्वांचल के ही हैं। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में आप ने पूर्वांचली बहुल सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा और कांग्रेस पिछड़ गयी थीं।

जाहिर है, केजरीवाल की टिप्पणी से नुकसान आप को ही होगा। केजरीवाल शायद भूल गये हैं कि पूर्वांचलियों के खिलाफ माहौल बनाना महाराष्ट्र में राज ठाकरे को कितना भारी पड़ा था। राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बना कर पूर्वांचलियों के खिलाफ संगठित अभियान चलाया था, जिसका बड़ा राजनीतिक नुकसान उन्हें झेलना पड़ा था। यह नुकसान इतना बड़ा था कि आज तक राज ठाकरे उससे उबर नहीं सके हैं। केजरीवाल को याद रखना चाहिए कि दिल्ली देश की राजधानी है और इसे बनाने में देश के हर हिस्से ने बराबर का योगदान दिया है। ऐसे में यदि वह क्षेत्रवाद का बीज बोयेंगे, तो इसका नुकसान तो उन्हें ही उठाना होगा।

---

# सुनहरे और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : स्पीकर

**झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष ने समाहरणालय परिसर में किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पर जोर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के गिरिडीह आगमन पर उपायुक्त ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही परिसदन भवन में जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद स्पीकर ने समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि एक महीना के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उचित अनुपालन समेत हेलमेट के उपयोग, सेटबेल्ट आदि के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही साथ एलइडी जागरूकता वैन के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि युवा समेत हरेक व्यक्ति जो बाइक, कार और बड़े वाहन चलाते हैं, उस समय सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी नियमों का उचित अनुपालन करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सुनहरे और सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मौके पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने भी पौधारोपण किया और अन्य को भी पौधारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं।

---

## दशम फॉल पहुंचे पर्यटन मंत्री, घूम कर किया पूरे क्षेत्र का निरीक्षण

# दशम फॉल को बनाया जायेगा सुंदर, होगा समग्र विकास : मंत्री सुदिव्य सोनू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** झारखंड सरकार पर्यटन के मामले में काफी सजग नजर आ रही है, कई जिलों में झारखंड के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचकर पर्यटन की दृष्टि में नयी संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के दशम फॉल क्षेत्र पहुंचे। इस मौके पर बुंडू अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश, बीडीओ सावित्री कुमारी, अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रम सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर उन्होंने दशम फॉल के चारों ओर खुद जाकर निरीक्षण किया और पर्यटन की दृष्टि में नयी संभावनाओं की तलाश की। उन्होंने कहा कि दशम फॉल पर्यटन के मामले में काफी बेहद सुखद अनुभव कराता है। दशम फॉल के एक छोर से दूसरे छोर तक ग्लास ब्रिज बनाने को लेकर सहमति बनी है। इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पर्यटन के मामले में राज्य सरकार काफी सचेतता के साथ कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि दशम फॉल को बेहद सुंदर और अनोखा बनाया जायेगा। लोगों के लिए घूमने फिरने की व्यवस्था की जायेगी। रोपवे, ग्लास ब्रिज, पार्किंग, टॉयलेट की सुविधा सहित पर्यटकों को ठहरने की व्यवस्था तैयार करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि 2025 के अंत तक निर्माण कार्य नजर आने लगेगा।

www.epaper.azadsipahi.in

12 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 85

क्षेत्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन 2025 में एनटीपीसी बोंगाईगांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन



## विधायकों की अनुशंसा पर बनेंगे पुल, आदेश जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पुल निर्माण के लिए विधायकों की अनुशंसा ली जायेगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उन पुलों का निर्माण किया जायेगा, जहां पुल के अभाव में आवागमन बाधित होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य के गरीबों को पुल या सड़क के अभाव में परेशानी न हो। ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों को कहा है कि वे वैसे स्थानों की सूची बनायें जहां नदी, नाला के दोनों ओर सड़क बन गयी है पर पुल नहीं बना है। इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजें। ताकि समय पर डीपीआर तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति दी जा सके।

## इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 जनवरी को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। मंत्री ने झारखड हाइकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। इरफान अंसारी की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अरुण कुमार राय की कोर्ट ने फैसला सुनाया था। दरअसल वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। दुमका सिविल कोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्जफ्रेम किया था।

# झरिया विधायक के कार्यालय पर हमला, तोड़फोड़ और फायरिंग

- राग़िनी ने पूर्णिमा सिंह और रामधीर के परिजनों पर लगाये आरोप
- झरिया थाना के प्रभारी को लिखा पत्र, जांच की मांग

## रागिनी सिंह ने रामधीर सिंह के पुत्र शशि एकलव्य और हर्ष सिंह पर लगाये आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल क्षेत्र में अभी हिलटॉप ऑउटसोर्सिंग मामले की आग ठंडी भी नहीं हुई है। उससे पहले कोयलांचल में शनिवार को एक नया कांड हो गया। झरिया विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय को निशाना बनाया गया है। झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में सुबह तोड़फोड़ की गयी और फायरिंग भी की गयी। हमलावर कार्यालय से कंप्यूटर समेत कई सामान भी उठा ले गये। विधायक रागिनी सिंह ने इस घटना के लिए रामधीर सिंह के पुत्र शशि सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह के परिजन एकलव्य और हर्ष सिंह पर आरोप लगाये हैं। झरिया थामा प्रभारी को पत्र लिख कर मामले की जांच की मांग की है।

**मुझे रोकने का प्रयास है:** घटना के बाद रागिनी सिंह ने कहा कि कुछ आपराधिक तत्व के लोगों ने मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा मुझे डराने, धमकाने और रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

**पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ायी गयी:** घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हमला किसने और किस मकसद से किया गया। फिलहाल पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।



धनबाद (आजाद सिपाही)। विधायक रागिनी सिंह ने झरिया थाना के प्रभारी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि दिनांक 11.01.2025 को सुबह लगभग सात बजे मुझे कतरास गोड़, झरिया स्थित मेरे कार्यालय में आने का कार्यक्रम था। इसकी सूचना बहुत सारे लोगों को थी। ठंड की वजह से मुझे घर से निकलने में विलंब हो गया। लगभग सुबह आठ बजे सूचना प्राप्त हुई कि मेरे कार्यालय में दो अपराधी आये थे, जिसमें से एक व्यक्ति के हाथ में रूमाल से ढका हुआ पिस्तौल था। कुछ देर के बाद वे कार्यालय से बाहर निकल गये। बाहर निकलते ही फायरिंग करने लगे, जिससे मेरे मुख्य कार्यालय के सामने सड़क की दूसरी तरफ स्थित एक कमरे के पुराने कार्यालय के दरवाजे पर गोली चलायी गयी, जिसका निशान है। रागिनी ने आगे लिखा है कि घटना के उपरांत मैं अपने कार्यालय पहुंची। सीसीटीवी फुटेज देखा तो पहचाना कि एक व्यक्ति शशि सिंह, पिता-रामधीर सिंह है, जो हत्या के आरोप में 14 वर्षों से कानून की नजर में फरार है। सरकार द्वारा उस पर इनाम घोषित है। दूसरा व्यक्ति नवीन सिंह, पिता स्व प्रभुनाथ सिंह था। पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के परिजन एकलव्य पहले कई बार मेरी हत्या की साजिश करते रहे हैं। आज की घटना में एकलव्य सिंह एवं हर्ष सिंह ने ही साजिशन मेरी हत्या कराने की मंशा से शशि सिंह जैसे अपराधी को मेरे कार्यालय में भेजा। अतः आग्रह पूर्वक कहना है कि मेरी हत्या करने की साजिश में संलिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने का कष्ट करें।

## 81 साल के हुए दिशोम गुरु, हेमंत ने दी शुभकामनाएं



**रांची (आजाद सिपाही)।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन 81 साल के हो गये हैं। शुक्रवार को मोरहाबादी आवास पर पूरे परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ 81 पाउंड का केक काट जन्मदिन मनाया गया। शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने खुद केक नहीं काटा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन ने केक काटा। उनके जन्म दिन को लेकर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर जश्न का माहौल रहा। उनसे मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हेमंत सोरेन ने पिता को जन्मदिवस के अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी और पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

### रघुवर पहुंचे शिबू सोरेन आवास, जन्म दिवस की दी बधाइयां

## दिशोम गुरु से रघुवर दास ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने शुक्रवार को ही भाजपा की दोबारा सदस्यता ली और इसके अगले दिन शनिवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मिलने उनके आवास पहुंच गये। भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने शिबू सोरेन को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पैर छूकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान रघुवर दास ने शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन से भी मुलाकात की और उनका भी आशीर्वाद लिया। इस मुलाकात के दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की और राज्य की राजनीति में भाजपा की आगामी रणनीतियों को लेकर भी खुलकर बातचीत की।



**रघुवर दास ने सोशल मीडिया साइट पर लिखी ये बात :** रघुवर दास ने अपने पोस्ट में शिबू सोरेन को आदरणीय बाबा कहकर संबोधित किया है, उन्होंने लिखा है, दिशोम गुरु, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बाबा शिबू सोरेन जी से आज मिलकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही चाची रूपी सोरेन जी से आशीर्वाद लिया।

**राज्य हित में सरकार का सहयोग करेगी भाजपा :** राज्यहित में गठबंधन सरकार से सहयोग की बात करते हुए रघुवर दास ने कहा कि अगर सरकार सहयोग चाहेगी तो भाजपा सहयोग करेगी, लेकिन किसी से टकराव की स्थिति पैदा नहीं होने देंगे। दास ने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे पार्टी को दो घंटे दें और भाजपा सदस्यता अभियान को सफल बनायें, क्योंकि यह राष्ट्र की सेवा का हिस्सा है।

# प्राचार्या ने छात्राओं के साथ किया अश्लील व्यवहार शर्ट उतरवा कर भेजा घर, अभिभावकों में आक्रोश

**छात्राओं को 'पेन डे' मनाना पड़ा महंगा, विधायक रागिनी सिंह अभिभावकों के साथ डीसी से मिलीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाला मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। प्री बोर्ड के अंतिम दिन 'पेन डे' मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं प्राचार्या ने शर्ट उतरवा दिया। छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। इससे कई छात्राएं मानसिक तनाव में हैं। मामले के खुलासे के बाद छात्राओं के अभिभावक ने धनबाद डीसी माधवी मिश्रा से मुलाकात की। उनके साथ विधायक रागिनी सिंह भी थीं। उन्होंने डीसी को घटना की जानकारी देते हुए मामले पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया।

### क्या है मामला

दरअसल गुरुवार को 10वीं की छात्राएं स्कूल के आखिरी दिन को यादगार बनाने के लिए 'पेन डे' मना रही थीं। उन्होंने बताया कि 'पेन डे' में छात्राएं अपने दोस्तों के शर्ट पर कलम से शुभकामनाएं संदेश लिखती हैं। यह बात स्कूल की प्राचार्या को इतना नागवार गुजरा कि करीब 80 छात्राओं के शर्ट को उतरवा दिया। उन्हें इनर वेयर पर ब्लेजर में ही घर भेज दिया। इससे संबंधित एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें छात्राओं ने इस 'पेन डे' को 'ट्रॉमेटिक डे' करार दिया है।

**आक्रोशित हैं छात्राओं के अभिभावकः :** इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजन शनिवार को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है।।

**उपायुक्त ने जाच टीम गठित की:** धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें जांच टीम गठित कर दी है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। ये मामले की जांच करेंगे।

# रांची में पहली बार महिला हॉकी इंडिया लीग आज से

- झारखंड सहित भारतीय महिला हॉकी टीम को भी काफी लाभ होगा : सलीमा टेटे
- विदेशी और देशी प्लेयर्स का अच्छा तालमेल हर टीम में है : नेहा गोयल



आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** रविवार (12 जनवरी) से 26 जनवरी तक रांची में देश की पहली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइए) की शुरुआत होगी। इसे लेकर महिला हॉकी टीम की चारों टीम की कैप्टन ने खुशी जताते इसे एक अनूठी पहल और बड़ा मंच बताया है। शनिवार को हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी के सभागार में ओड़िशा वॉरियर्स की कैप्टन नेहा गोयल, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स की उदिता दुहान, दिल्ली एसजी पाइपर्स की नवनीत कौर और जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब की ओर से सलीमा टेटे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पहल की सराहना की। सलीमा ने कहा कि इस प्रयास से झारखंड सहित भारतीय महिला हॉकी टीम को भी काफी लाभ होगा। चूंकि विदेशी खिलाड़ियों के साथ टीम प्रैक्टिस और अन्य गतिविधियों में भाग लेने का मौका एचआइएल के जरिए मिल रहा है, सो भारतीय महिला खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा। ऐसे आयोजन से नयी लड़कियों के लिए मोटिवेशन होगा। आनेवाले समय में भारतीय टीम के लिए और भी प्रतिभाएं सामने आयेंगी। नेहा ने कहा कि विदेशी और देशी प्लेयर्स का अच्छा कंबिनेशन हर टीम में है। इससे हर खिलाड़ी को अपना स्किल और निखारने का मौका मिलेगा। उदिता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि रांची केवल सलीमा टेटे जैसे झारखंड के प्लेयर के लिए होमटाउन नहीं है, यहां खिलाड़ियों को इतना सपोर्ट मिलता है कि यह पूरी भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए भी अपना घर है। रांची के मौसम को अभी थोड़ा ठंडा बताते कहा कि यहां का मौसम खेल के लिहाज से शानदार है। स्टेडियम भी दिलचस्प है।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

## मोतियाबिन्द

### मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम





**मोतियाबिन्द के लक्षण**

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोत्तरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव, क्योंकि लेंस एक फिल्टर की तरह काम करता है।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

**मोतियाबिन्द का उपचार**

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

**मोतियाबिन्द की रोकथाम**

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग–बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में **नेत्र जाँच एवं उपचार** की **निःशुल्क** सुविधा उपलब्ध है।

P.R. 343759 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड**
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## हजारीबाग के बाजार में बिक रहा एक ऐसा फल, जिसे श्रीराम ने वनवास में खाये थे



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग की सड़कों के किनारे कई फल बिकते दिखते हैं, इनमें कई फल ऐसे भी हैं, जिनका जिक्र धर्म ग्रंथों में भी है। हम बात कर रहे हैं एक ऐसे कंदमूल फल की, जिसके पीछे यह मान्यता है कि भगवान राम ने अपने वनवास के दौरान 14 वर्षों तक इस कंदमूल का सेवन किये थे। इस फल का जिक्र कई धार्मिक ग्रंथो में भी है। हजारीबाग के सड़क किनारे एक कंदमूल खूब बिक रहा है। राम कंदमूल एक जंगली फल है, जिसे राम फल के नाम से भी जाना जाता है। यह ड्रम के आकार का होता है और मुख्य रूप से कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, और महाराष्ट्र में पाया जाता है। राम कंदमूल बेचने वाले विक्रेता आमतौर पर दावा करते हैं कि इसके सेवन से पेट ठंडा रहता है। राम कंद मूल स्टार्च से भरपूर कंद है। मधुमेह रोगी अगर नियमित रूप से राम कंदमूल का सेवन करें तो उन्हें काफी आराम महसूस होता है। यह फल जमीन के अंदर होता है, जमीन के ऊपर पत्ता होता है। राम कंदमूल का सेवन करने वाले स्थानीय लोग कहते हैं कि कभी कभार खाने को मिलता है और यह इम्यून बूस्टर है। इसका सेवन करने से डायबिटिक ब्लड प्रेशर में भी आराम मिलता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में टीवी उन्मूलन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार और संचालन बीपीएम नवीन कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से डॉ अविनाश कुमार ने सहयोग करने की अपील की। टीवी को हराने को लेकर गहन विचार विमर्श की गयी। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के कुल जनसंख्या का 70% लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें 1100 लोग संदेहास्पद थें। इनमें से 400 लोगों का एक्सरे किया गया, जिसमें 11 नये टीवी के मरीज पाये गये, जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव के द्वारा शुरू कर दी गयी है। मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि आप स्वास्थ्य कर्मी जिस पंचायत में जायें, वहां के जनप्रिंधियों को अवश्य जानकारी दें, ताकि वे बढ़ चढ़कर आपका सहयोग कर सके। वही पंसस कृष्णा राम ने कहा कि टीवी उन्मूलन को लेकर हम लोग हमेशा स्वास्थ्य विभाग के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया बेबी कुमारी, नीलम मिंज, उप मुखिया राजदेव महतो, भाग्यवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम के अलावा दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।

## ग्राम विकास समिति का सात सूत्री मांग पत्र सांसद और विधायक को सौंपा गया





**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति ने निर्णय लिया था, कि अपने सात सूत्री मांग पत्र को मुख्यमंत्री से लेकर सभी प्रशासन पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया जायेगा। इसी को लेकर शनिवार को कारण विस्थापित ग्राम विकास समिति के सदस्य उपेंद्र महतो ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी विधायक रोशन लाल चौधरी से मिलकर अपने लिखित सात सूत्री मांग को सौंपा। जिसमें कट ऑफ डेट वर्ष 2016 को रद्द करते हुए वर्तमान विस्थापन कट ऑफ डेट लागू किया जाये। विस्थापित ग्रामीण को गैर मजरूआ जमीन का भुगतान अभिलंब दिया जाये। कंपनी में विस्थापित और प्रभावितों को रोजगार दिया जाये और बाहरी मजदूरों को अभिलंब हटाया जाये। विस्थापित और प्रभावित गांवों को प्रदूषण भत्ता अभिलंब दिया जाये। घर का मुआवजा नये और पुराने सभी को विस्थापितों और प्रभावितों को एक समान मुआवजा भुगतान किया जाये। 13 माइल से फतहा तक पब्लिक रोड से ट्रांसपोटिंग अभिलंब बंद किया जाये। कोयले की ट्रांसपोर्टिंग विस्थापित तो प्रभावितों और ग्रामीणों से कराया जाये। उपयुक्त सभी मांगों को पढ़ते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि समिति के सभी मांग जायज है, इसे कंपनी जल्द से जल्द पूरा करना होगा।

## कई श्रद्धालु भक्त कोडरमा स्टेशन से खाटू के लिए हुए रवाना



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** राजस्थान के खाटू स्थित श्याम मंदिर में दर्शन करने के लिये कई भक्त कोडरमा रेलवे स्टेशन से रवाना हुए, जहां वे बाबा श्याम का दर्शन करने के उपरांत भजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। खाटू रवाना होने वालों में रणधीर कपसीमे, पप्पू सिंह, विवेक सहल, अनूप भदानी, नितेश बरबिगहिया, विकास अठघरा, शुभम् कुमार, चीकू सेठ, गौरी भगत, सत्यम कुमार, मंटू केशरी, दीपक पटेल, दीपक कुमार, आशीष कुमार, पवन, ऋषभ राज सिंह, महाबीर खेतान, सीमा सहल, अर्चना सहल (बार्बी) आदि का नाम शामिल है।

## अशोक कुमार की मां ने एसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की मां मंजू देवी ने हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को आवेदन देकर अपनी पतोहु अनीता देवी की आग से जल कर मौत होने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि मेरी मंझली बहु अनिता देवी के भाई राजू गुप्ता द्वारा लगाए आरोप गलत है। इस घटना में हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को कोई हाथ नहीं। मामले की निष्पक्ष जांच होने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। आवेदन का प्रतिलिपि मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी, सदर एसडीपीओ और लोहसिंघना प्रभारी को भी भेजा है।

## बिरहोर परिवारों को मिला कम्बल

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भीषण ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन के द्वारा निर्धन और जरूरतमंद लोगों के लिए कम्बल उपलब्ध कराया गया है। इसी के तहत आज शनिवार को बिरहोर टोला में बिडिओ विवेक कुमार पहुंचे और बिरहोर परिवारों के बिच कम्बल का वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान चट्टी बरियातू पंचायत के मुखिया झरी लाल महतो,पंचायत समिति प्रतिनिधि महेंद्र रजक,एम ओ रवि राजा,पंचायत सचिव रामभजन राम, इंद्रजीत कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# हर्षोल्लास के साथ मना दिशोम गुरु का जन्मदिन

## केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन का 81वां जन्म दिन मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** शनिवार को झामुमो प्रखंड कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन का 81वां जन्म दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काट कर गुरुजी के तस्वीर पर केक खिलाकर जन्म दिन मनाया गया। अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी और संचालन सचिव संजय प्रजापति ने किया । मौके पर प्रमुख रूप से युवा नेता गौरव पटेल , टेकोचंद महतो, नीतीश पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, यशोदा देवी कांग्रेस नेता गुरु प्रसाद साव आदि उपस्थित थे। गौरव पटेल ने कहा बाबा दिशोंम गुरु शिबू सोरेन जी का जन्म हजारीबाग जिले के नेमरा गाँव में सन 1944 को आज ही के दिन हुवा था। अपने पिता कि हत्या के बाद से ही उन्होंने अपने राजनितिक जीवन कि शुरूआत की। गुरूजी ने झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के साथ साथ झारखण्ड में व्यापक पैमने पर व्याप्त सुदखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ एक लम्बी लड़ाई लड़ी। आदिवासी मुलवासियो को शिक्षा और अपने हक अधिकार के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। चार फरवरी 1973 बिनोद बाबू के साथ मिलकर उन्होंने झामुमो पार्टी की स्थापना कर और यहां के आदिवासी मुलवासियों को झारखंड अलग राज्य आंदोलन में संगठित किये। गुरूजी के व्यक्तित्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इंग्लैंड के कैमब्रिज विश्वविद्यालय के संग्रहालय में जेएमएम के झंडे साथ गुरूजी की तस्वीर लगी है। गुरूजी के नेतृत्व में हमें झारखण्ड मिला और आज झारखंड को संवारने का काम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। देश में पहला राज्य झारखंड है जो आधी आबादी को स्वावलंबी बनाकर महिला शशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए माताएं-बहनों को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजन की राशि 2500 रुपये प्रत्येक माह और साल में 30000 रुपये देने का काम कर रही है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा , शंकर महतो, सुनील सिंह, इंद्रराम महतो,विजय साव रोहित दास,प्रभु हांसदा छोटू हांसदा, महेंद्र महतो अनिल पटेल छोटेलाल प्रसाद, विकाश सोनी, अनंतलाल महतो मो० नसीर, कृष्णा हेमरम, चूलन बेसरा, ईश्वर हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## संजय सिंह ने दिशोम शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन पर 200 कंबल वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत सैहदा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जरूरतमंदों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। ज्ञात हो की संजय सिंह प्रतिवर्ष शिबू सोरेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं । संजय सिंह ने पिछले 5 वर्षों में लगभग 7000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं। मौके पर संजय सिंह ने लोगों को सुझाव दिया कि ठंड का मौसम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, कंबल को अच्छा तरह से प्रयोग कीजियेगा। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष चूरामन गंझु, सचिव राजेश हंसदा, मो कोमली, संजय सोरेन, कलावती देवी, महेंद्र सोरेन ,कुलदीप गंझू, संगीता देवी इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थें।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन का जन्म दिन मनाया और कंबल वितरण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के सिजुआ बिरहोर टोला में केक काटकर और मिठाई बांटकर झामुमो के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच झामुमो कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरण किया। मौके पर युवा मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, उप प्रमुख सह झामुमो नेता सत्येंद्र कुमार, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, प्रखंड सचिव बिकी धवन, राजेन्द्र मेहता, मोहम्मद सरफुद्दीन, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रमोद कुमार, शंकर कुमार, दीपक कुमार, सहादत हुसैन, अजय मेहता, किशुन बिरहोर विजय बिरहोर बांदा बिरहोर बुधन बिरहोर समेत अन्य उपस्थित थे।

## महिला का शव बरामद, पति हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बीते 28 दिसंबर को जुगरा गांव से लापता 28 वर्षीय महिला किरण देवी की लाश शनिवार को 11:00 बजे जुगरा गांव से सटे जंगल से मिला। घटना की जानकारी मिलते हीं डाड़ी कलां थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। शव मिलने के बाद मृतिका की मां ने अपने दामाद अजय साव पर हत्या करने का आरोप लगायी है। मामले को लेकर डाड़ी कलां थाना में मृतका की मां ने आवेदन देकर पुलिस से कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है । वहीं डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर बताया कि शव को हजारीबाग पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं हत्या के कारणों का पता चल पायेगा। जो भी इसमें दोषी होंगे उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पति अजय साव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताते चले कि डाड़ीकला थाना में पत्नी की गुमशुदगी को लेकर पति नापोखुर्द निवासी अजय साव ने 28 दिसंबर को आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया था।

## झामुमो बरकट्ठा ने मनाया शिबू सोरेन जी का 81वां जन्मदिन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा बरकट्ठा ने पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन जी के 81वां जन्मदिन केक काट कर हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रखंड कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां जाहिर किया और दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की प्रार्थना की। इस मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष बासुदेव महतो, पूर्व जिला संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, प्रखंड उपाध्यक्ष राजाराम मांझी, पूर्व मुखिया बसंत साव, गोपाल प्रसाद, राजकुमार नायक, यूसुफ अंसारी, रामदेव चौधरी, प्रमोद दास, कार्तिक महतो, बीरेंद्र यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं मौजूद थे।**

## पूर्ण धरना स्थल के नजदीक खतियानी परिवार की साप्ताहिक बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बैठक में मो हकीम ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए लगभग 25 वर्ष हो गया, लेकिन झारखंडियों को मिला क्या, ना तो स्थानीय नीति की परिभाषित हो सका। नाही नियोजन नीति बनी जो भी सरकार आए वह विफल साबित हुई, आज हमारे बेटा बेटियां पढ़ लिख कर बेरोजगार बने बैठे हैं। बाहर के राज्य में मजदूरी करने को बेबस है या झारखंड के लिए दुर्भाग्यपूर्ण विषय है सरकार को चाहिए झारखंडी कौन, जिसके पास हो खतियान, का परिभाषित जल से जल्द करें और झारखंड के तमाम झारखंडियों को 26 जनवरी 2025 को इंतजार है। राज के मुखिया झारखंडी कौन पर क्या संदेश देते हैं, नहीं तो 26 जनवरी के बाद आंदोलन तेज करने का निर्णय लिए, अशोक राम ने कहा ऑफीसरों का ट्रांसफर और पोस्टिंग ऊपर में ही लेनदेन की प्रक्रिया शुरू होती है। जिसका असर निचले स्तर पर जोर पकड़ लेती है, राज के मुखिया को चाहिए बिना लेनदेन को ट्रांसफर पोस्टिंग करें तभी जाकर घूसखोरी बंद हो सकता है। बैठक में मुख्य रूप से खतियानी परिवार केंद्रीय अध्यक्ष बाबू भाई विद्रोही, उपस्थित थे और सदस्य गण ऐनल हक, बोधी सांव, प्रदीप कुमार मेहता, महेश विश्वकर्मा, अमर कुमार, नंदलाल साहू,बिंदु देवी, सुनीता कश्यप और अन्य उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत अभियान की सच्चाई, कोडरमा स्टेशन पर सफाई के दावे फेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गये स्वच्छ भारत अभियान के तहत देशभर में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में अमृत भारत योजना के तहत कोडरमा स्टेशन का चयन भी किया गया था। हालांकि, जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। कोडरमा स्टेशन पर जगह-जगह गंदगी के ढेर, खराब शौचालय और खुले में शौच की समस्या इस अभियान को मुंह चिढ़ा रही है। कोडरमा रेलवे स्टेशन पर स्थिति ऐसी है कि राष्ट्रीय ध्वज के 200 मीटर के दायरे में ही गंदगी का अंबार देखा जा सकता है। हालांकि, जब धनबाद डिवीजन के डीआरएम या पूर्व-मध्य रेलवे हाजीपुर के अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं, तो गंदगी को तुरंत हटा दिया जाता है। आम दिनों में, यात्रियों और स्थानीय लोगों को इसी गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है।

**प्रवेश द्वार और प्लेटफॉर्म पर भी गंदगी का आलम**

स्टेशन के प्रवेश द्वार पर नगर परिषद द्वारा बनाये गये यूरिनल की सफाई न होने के कारण स्थिति बदतर हो गयी है। स्टेशन रोड और डॉक्टर गली के दुकानदार और ग्राहक खुले स्थानों पर पेशाब करते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर बने शौचालय का गंदा पानी ट्रैक पर बहता है, जिससे यात्री परेशान हैं। स्टेशन परिसर और शहर के प्रमुख बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों की कमी के कारण महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, आरपीएफ पोस्ट पर तैनात कर्मियों के लिए शौचालय की व्यवस्था न होने से उनकी समस्या और बढ़ जाती है। कोडरमा स्टेशन से राजधानियों, वंदे भारत और अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के गुजरने के कारण यहां सांसदों, विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन स्टेशन की सफाई और शौचालयों की बदतर स्थिति के कारण उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने की बात कही जाती है, लेकिन शहर और स्टेशन की स्थिति इसके उलट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रीन कोडरमा, क्लीन कोडरमा का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हर स्तर पर सफाई को प्राथमिकता दी जाए और नागरिक भी गंदगी फैलाने से बचें।

## बोधिबागी में 26 जनवरी से पंद्रह दिवसीय मेले का होगा आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के इचाक प्रखंड के ऐतिहासिक मैदान बोधिबागी में 15 दिवसीय शहीद मेले का आयोजन 26 जनवरी से होगा। यह मेला शहीदों के याद में आयोजित होगा जो 15 दिन तक चलेगा। इसके सफल संचालन के लिए बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मेला के संरक्षक बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। सर्वसम्मति से संयोजन कमिटी और निधि संग्रह कमिटी बनाया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और बीडीओ संतोष कुमार उपस्थित हुए। जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि शहीद मेला किसी का व्यक्तिगत नहीं है। यह शहीदों के सम्मान से जुड़ा है। इसको सफल बनाना हम सबका दायित्व है। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि मेला को सफल बनाने के लिए एक रणनीति बनाया जाय। 15 जनवरी को एक बैठक बुलाने की बात कही। जिसमे सभी जन प्रतिनिधि शामिल हो। उन्होंने अपनी ओर से भरपूर सहयोग की बात कही। 26 जनवरी से प्रारम्भ होने वाले 15 दिवसीय मेला की विधि व्यवस्था एवं निधि संग्रह पर चर्चा की गयी। ताकि मेला को सफल बनाया जा सके। इचाक मोड़ से मेला स्थल तक एवं हजारीबाग में होल्डिंग लगाने पर चर्चा की गयी। मेले में इस क्षेत्र के शहीदों के जीवनी, स्वतन्त्रता सेनानियों की जीवनी, विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी के अलावा विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाने पर विचार किया गया। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल एवं मनोरंजन का भी व्यवस्था करवाने पर चर्चा की गयी। बैठक में अर्जुन कुमार मेहता, लखन मेहता, राकेश उर्फ जोधन मेहता, मधुसूदन मेहता, ओमप्रकाश मेहता, वीरेंद्र प्रसाद मेहता, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, टिंकू कुमार मेहता, अजय प्रसाद मेहता, लिलो प्रसाद मेहता, गोलेश्वर प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद मेहता, अविनाश कुमार, अर्जुन मेहता, वीरेंद्र कुमार, मंटू कुमार यादव, धूप नारायण साव, राजेंद्र प्रसाद मेहता, मनीष कुमार, गोबिंद मेहता, सुभाष कुमार, दीपक कुमार, विकास यादव, अजय कुमार मेहता, कुंदन मेहता, माना मेहता, विकास कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# प्रमंडलीय आयुक्त का हुआ कोडरमा में आगमन

## लंबित दाखिल खारिज मामले का करें निष्पादन : पवन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का कोडरमा आगमन हुआ। उनके कोडरमा आगमन पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त ने ई कोर्ट, 30 दिन और 90 दिनों से अधिक समय से लंबित दाखिल खारिज मामले, सक्सेशन और पार्टीशन म्यूटेशन, परिशोधन पोर्टल में आये हुए आवेदनों का निष्पादन कार्य और भूमि सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा किया। साथ ही मयूटेशन अपील से संबंधित लंबित मामले, राजस्व संग्रहण, लगान प्राप्ति औरं आंतरिक संसाधन, जिला आंतरिक संसाधन समिति और जिला टास्क फोर्स (अवैध खनन की रोकथाम) के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे राजस्व वसूली के कार्य की समीक्षा किया। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 दिन और 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार ली गयी। साथ ही उन्होंने शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गयी कार्रवाई का भी जानकारी खनन निरीक्षक से लिया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले वाहनों और संलिप्त लोगों के ऊपर भी कार्रवाई करें। इसके अलावे आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को छापेमारी और जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेंदु समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गोला प्रखंड क्षेत्र के गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया, फसलों को रोंदा



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के गंधोनिया और लिपिया गांव में बीती रात को हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने दशरथ भोक्ता, रावण मांझी, सुगनी देवी के घर को गिरा दिया। वही फेमली देवी के फसलो को रौंद कर बर्बाद कर दिया। बताया गया कि हाथियों का झुंड पास के जंगल से रात करीब दास बजे प्रवेश कर गये। झुंड में बीस से पच्चीस हाथी थे। हाथियों के आने कि खबर के बाद ग्रामीण डरे सहमे अपने अपने घरों में दुबक गये। घटना के बाद रखवा मुखिया पिंकी देवी और पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक ने पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। मुखिया ने कहा कि हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ रहा है। सरकार के द्वारा जल्द इस पर रोक लगाने के लिए पहल करने की आवश्यकता है।

## मांडू के पुंडी में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का मनाया गया 81 वां जन्म दिवस



**मांडू (आजाद सिपाही)।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वे जन्म दिवस के मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने शनिवार को पुंडी पंचायत के कडरडूबा गांव में असहायों के बीच कंबल का वितरण किया और केक काटा। मंत्री बेसरा ने करीब 500 असहायों के बीच कंबल का वितरण किया और केक काटा। मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसरा ने कहा कि गुरु जी के सपनों का झारखंड बनाना है। इसके लिए हेमंत सरकार काम कर रही हैं। गुरु जी के संघर्ष, बलिदान और त्याग का परिणाम है अलग झारखंड राज्य का निर्माण होना। महाजनी प्रथा को जड़ से समाप्त कर जनता के राजनीतिक अधिकार की लड़ाई नेतृत्व किया और हमे झारखंड राज्य प्राप्त हुआ। मौके पर सुखदेव महतो, नरेंद्र रविदास, महादेव रविदास, भुनेश्वर ठाकुर, अभिषेक बनर्जी, प्रदीप सोरेन, सुरेन्द्र रविदास, रीना देवी समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र रविदास और संचालन सुरेश टुडू ने किया।

## जिप सदस्य दयामंती ने गरीबों को बांटे कंबल



**कुज (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद सदस्य दयामंती देवी ने जिला परिषद मद से मिले कम्बल को आवासीय कार्यालय ओरला में गरीबों के बीच वितरित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गरीबों और असहायों के बीच 60 कंबल का वितरण किया। जिला परिषद दयामंती देवी ने कहा कि सरकार द्वारा कंबल प्रदान किया गया है। जो निश्चित ही सराहनीय कार्य है। इस कार्य के लिए झारखंड सरकार को आभार करती है, जो गरीबों के बीच बढ़ते ठंड को देख कम्बल वितरण किया गया है। इधर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने ठाकुरगोड़ा, चुंबा, उच्चरिंगा समेत कई गांव में जरूरतमंदों के बीच अपने मद से 150 कंबल वितरण किया गया। मौके पर मुखिया गुड़िया देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, आंगनबाड़ी सेविका आशा नगुडवार, सहिया दीदी विमला देवी, वार्ड सदस्य फुलमनी देवी, झून्नीलाल नायक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गुरु गोबिंद सिंह का 358वां प्रकाश उत्सव मनाया गया, निकाली शोभायात्रा



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गुरु सिंह सभा केदली गुरुद्वारा में सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश उत्सव काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिसे लेकर शनिवार को भव्य नगर कीर्तन सह शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा केदली गुरुद्वारा से निकल कर पुरा बाजार होते हुए केदली गुरुद्वारा पहुंचा। शोभा यात्रा के दौरान सिख समुदाय के युवक युवतियां द्वारा सड़क की सफाई के साथ फूल बरसाया जा रहा था। वहीं मलेरकोटला पंजाब से आये हुए बैगपाइपर बैंड के सदस्यों के बैंड की धुन एवं परेड मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के वाहन के आगे पंज प्यारों की टोलियां सतनाम वाहेगुरु जी का जाप कर रहे थे। पटना साहिब से आये धर्म प्रचारक हरविंदर सिंह गुरु गोबिंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाल रहे थे और रागी जत्था भाई ज्ञान सिंह और उनके साथियों के द्वारा शब्द गुरबाणी की जा रही थी। इसे सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बाबा दीप सिंह सेवा समिति, माता गुजरी जी सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। वहीं कई जगहो पर पुलिस बल तैनात की गयी थी। शोभा यात्रा में सासाराम, पटना, गया, कोलकाता, धनबाद, दिल्ली, अमृतसर, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, रांची , हजारीबाग के अलावा कई जगहों से ससंगत शामिल हुए। रविवार को प्रकाश उत्सव का अटूट लंगर के साथ समापन किया जायेगा।

## बाल विद्या मंदिर में मना राष्ट्रीय युवा दिवस




**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा में शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह और शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया। प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक के रूप में जाने जाते हैं। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को एक दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षिका पुष्पिता कुमारी और सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि उनके विचार युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं और उनकी जयंती युवाओं के लिए ही समर्पित है। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मांडू के 897 एकड़ जमीन मामले की जांच हुई पूरी उपायुक्त को सौंपी जायेगी रिपोर्ट: अपर समाहर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडू।** मांडू अंचल के चर्चित सीसीएल द्वारा अधिगृहित मौजा पुंडी की गैरमजूरवा भूमि खाता संख्या 92 रकवा 8 सौ 97 एकड़ जमीन पर बाहरी व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर नौकरी और मुआवजा के दावों की जांच के लिए गठित एसआईटी की टीम शनिवार को मांडू अंचल कार्यालय पहुंची। मौके पर टीम में अध्यक्ष सह जिला के अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, सीओ विमल कुमार सिंह ने अंचल कार्यालय में दस्तावेजों की जांच की। मौके पर अपर समाहर्ता ने बताया कि जमीन पर दावा करने वाले 43 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद दिगवार निवासी गोपीनाथ पंडा ने लावनमइ देवी और सुधीरचंद्र पंडा वगैरह जमाबंदी रैयत के वंशज के रूप में सशरीर उपस्थित होकर मौजा पुंडी के खाता 92 के संपूर्ण भूमि पर अपना दावा पेश किया है। अपर समाहर्ता ने कहा कि जांच पूरी कर ली गयी है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जायेगी। बतातें चलें कि एसआइटी टीम सीसीएल द्वारा अधिग्रहित पुंडी परियोजना के आठ सौ 97 एकड़ जमीन से संबंधित पिछले तीन बार से जांच चल रही है। उक्त मामला पूरे क्षेत्र में चर्चाओं में है। क्योंकि इस जमीन के नीचे कोयले का अकूत भंडार पड़ा हुआ है, और अधिगृहित जमीन के बदले सीसीएल में प्रति दो एकड़ पर एक व्यक्ति को नौकरी और मुआवजा देने का प्रावधान है। एसआइटी टीम की अंतिम जांच पूरी हो गयी है। अब यह निर्णय उपायुक्त के पास है। इसके पश्चात जमीन पर असली दावों की हकीकत सामने आ पायेगी।

**क्या कहतें है पुंडी गांव के ग्रामीण**

पुंडी गांव के ग्रामीण रैयत मन्नू महतो, हाजी यासीन अंसारी, सिद्धेश्वर महतो, रूपलाल मांझी, नरेंद्र रविदास, सुखदेव महतो ने बताया कि कुछ बाहरी तत्वों द्वारा गांव के जमीन पर गलत कागजात बनाकर दावा प्रस्तुत किया जा रहा है। जबकि यहां की जमीन पूर्वजों के समय से उनके जोत-कोड और आबाद में है और पुंडी परियोजना में ही पूर्व में जमीन अधिग्रहण के बाद उनके कई परिजनों को नौकरी भी मिली है। रैयतों ने एक स्वर में कहा कि बाहरी लोगों को हर हाल में खदेड़ा जायेगा।

**कहतें है गोपीनाथ पंडा**

इस संबंध में दिगवार निवासी गोपीनाथ पंडा ने कहा कि मेरा जमीन सीसीएल के पुंडी परियोजना में अधिग्रहीत हुआ है। गठित एसआइटी की टीम के समक्ष संपूर्ण कागजात जमा किया हूं। मेरे पूर्वज जमींदार थे।

## समर्पित भाव से राज्यहित के विकास के लिए करूंगा काम : रघुवर दास

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक रोशनलाल चौधरी, राजीव जायसवाल ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व गवर्नर रघुवर दास शनिवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। पहुंचने पर उनका स्वागत गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि और मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जायसवाल के द्वारा बुके देकर भेंट किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने मां छिन्नमस्तिका मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद लिये, साथ ही राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर न्यास समिति के सचिव शुभाशीष पंडा, युवा पुजारी छोटू पंडा, गुड्डू पंडा, राकेश पंडा के देखरेख में पूजा अर्चना का कार्य करवाया गया। पत्रकारो से बातचीत के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खुद को महज एक कार्यकर्ता बताते हुए फिट एंड फाइटिंग भाजपा को अपना मिशन बताया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करती है तो वह सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। झारखंड राज्य के विकास के लिए आया हूं, हालांकि रघुवर दास की जिम्मेदारी क्या होगी। इस पर फिलहाल खामोशी है, लेकिन, रघुवर दास ने अपनी नयी एंट्री पर यह जाहिर कर दिया है कि उन्हें झारखंड में ही जिम्मेदारी पसंद है। कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता हूँ और पार्टी के हित मे कार्य करता रहूंगा। उन्होंने घुसपैठ और धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए इसे राज्यहित के लिए खतरनाक बताया। जब उनसे विधानसभा चुनाव में हार की वजह पूछी गयी तब उन्होंने इशारों में कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा और मूल्यांकन कर चुकी है और अब 2024 से सबक लेकर 2025 में नयी ऊर्जा से काम करना है। इस दौरान पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका पार्टी में जोरदार स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण नायक, संजय जायसवाल आजसु जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, जिला पार्षद धनेश्वर महतो, आजसू जिला उपाध्यक्ष किसुन राम मुंडा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुण्टू बाबू, राजू चतुवेर्दी, बिजय जायसवाल, गणेश स्वर्णकार, बबलू साव, मनोज महतो, रवि हाजरा, सूरज वर्मा, पीएन सिंह, रमेश वर्मा, धनंजय कुमार पुटुस, रविंद्र वर्मा, मुकेश सिन्हा, देवकी महतो, अंकित सिंह, राहुल पासवान, छोटू केंवट, मुकेश यादव, जयंत पोद्दार, अजय जायसवाल, जावेद सलीम, खेदन स्वर्णकार आदि थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की



### राजनीति में कोई ना तो टायर्ड होता है और ना ही रिटायर्ड : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** ओड़िशा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने के बाद पुनः झारखंड की सक्रिय राजनीति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर जोरदार एंट्री करने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। चतरा आगमन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता रघुवर दास का इटखोरी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद रघुवर दास ने ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद उन्होंने कहा की मैं जगत-जननी मां भद्रकाली माता से आशीर्वाद लेने आया हूं।

उन्होंने कहा कि मैं कुछ दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ की धरती ओड़िशा के लोगों की सेवा करने गया था। मैं खुश हूं कि मैं अपने जन्म भूमि और कर्मभूमि झारखंड के लोगों की सेवा के लिए फिर से उपस्थित हुआ हूं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना माँ के आशीर्वाद और शक्ति के कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई ना तो टायर्ड होता है और ना ही रिटायर्ड। मैं कार्यकर्ता के रूप में पार्टी और राज्य के लोगों की सेवा करने की सोच के साथ लौटा हूं। पार्टी जो जिम्मेवारी देगी मैं उसे सहज स्वीकार कर जनहित में संगठन के निदेर्शों का पालन करूंगा। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास और लोजपा के चतरा विधायक जनार्दन पासवान समेत पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोला के धरती पुत्र दिशोम गुरु का मनाया गया 81वां जन्म दिन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला के धरती पुत्र दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन गोला के डाक बंगला स्थित गट्स कार्यालय में मनाया गया। प्रखंड के सभी सदस्यो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर केक काटकर उनके दीघार्यु और स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना किया। सभी सदस्यो ने एक दूसरे को केक खिलाया और काफी हर्सोल्लास के साथ के साथ उनका जन्मदिन मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुनील राज चक्रवर्ती, भोला राम मांझी, आदित्य महतो, सुमन सिंह, मनोज यादव, अतुल्य उपाध्याय, दिना नाथ सिंह मुंडा, हरि बोल महतो, राजाराम महतो, प्रेम सागर प्रसाद, पंचम महतो, सुकु टुडू, अमित हेंब्रम, उमेश हेंब्रम, नरेश महतो, मोतीलाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 365 दिनांक 11.01.2025 मैं वशिष्ट कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय मुनी सिंह, निवासी वार्ड नंबर 2, मेहदी नगर, हुसैनाबाद पलामू, थाना- हुसैनाबाद, जिला. पलामू, झारखण्ड - 822116, एत्तद्वारा निम्नानुसार पुष्टि एवं घोषणा करता हुँ की 1.- कि मैं जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। 2. कि मैं अपने अंकित पते पर रह रहा हूँ। 3. मेरी बेटी के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार परी कुमारी सत्य और सही नाम है, लेकिन गलती से आधार कार्ड संख्या 6905 6404 4858 में बेटी का नाम सोन परी के रूप में अंकित हो गया। 4. मेरी पुत्री का नाम सोन परी के स्थान पर परी कुमारी करने हेतु आवश्यक संशोधन। 5. वह परी कुमारी और सोन परी दोनों का नाम एक है 6. यह कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 01.01.2010 है। 7. यह कि मेरे उपरोक्त कथन सत्य एवं सही हैं। 8. इसलिए यह शपथ पत्र मेरी बेटी के आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए है।


## पतरातू प्रखंड कांग्रेस परिवार का वनभोज सह सम्मेलन आयोजित

### मैया योजना साधारण योजना नहीं महिला और बेटियों की यह आवश्यक योजना है: राधा कृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** मैया योजना कोई साधारण योजना नहीं है यह आवश्यक योजना है। इस योजना में वित्त की कमी नहीं आयेगी। सुदूरवर्ती गांव में गरीब महिलाओं बेटियों का इसका लाभ मिल रहा है। भाजपा एक बीमारी से ग्रस्त थीं, लेकिन कोई भी डॉक्टर भाजपा की बीमारी दूर नहीं कर सका। यह बातें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पतरातु डैम परिसर स्थित कटुवा कोचा में पतरातू कांग्रेस प्रखंड कमेटी द्वारा आयोजित कांग्रेस परिवार सम्मेलन सह वन भोज कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र में काम कि है आने वाले 2029 में निश्चित रूप से अंबा विधायक बनेगी। आयोजित कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी भी पहुंचे उन्होंने भी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बातें कहीं। सम्मेलन को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक अकेला यादव, अंबा प्रसाद, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, राजीव रंजन सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रशांत किशोर उर्मिलादेवी मंजू देवी विजय मुंडा राजकिशोर पांडे अमित साहू कृष्ण सिंह अनिल सिंह मोहम्मद जमीर असगर अली विनोद साहू राजेश साव हृदयनंद यादव सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन

### नगर परिषद क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता: ममता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के अरगड्डा सिरका में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी द्वारा किया गया। वार्ड नंबर 13 के झोपडी में जलमीनार और बिल्डिंग में फेवर ब्लॉक वार्ड नंबर 14 में जीपी कैंप में चबूतरा और नूनाही टांड़ में नाली और फेवर ब्लॉक तथा वार्ड नंबर 15 में बुध बाजार में नाली और फेवर ब्लॉक घटवार माहौल में नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास कर कार्य शुरू किया गया। शिलान्यास के बाद संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी ने कहा कि तेजी से नगर परिषद क्षेत्र में विकास योजनाओं को उतारा जायेगा, और क्षेत्र से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर हर वार्ड में जरूरत के हिसाब से विकास योजनाओं को किया जायेगा। साथ ही विधायक ने संवेदको को निर्देश देते हुए कहा सभी योजनाओं को गुणवतापूर्ण और सही तरीके से कार्य को पूर्ण करे किसी भी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गगन करमाली रामगढ़ प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष समसूद खान, महिला जिला अध्यक्ष मंजू जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद गोपाल मुंडा, राहुल सिंह, पिंटू अंसारी, धीरेंद्र सिंह, कुंवर महतो, कमरुद्दीन खान, समीर डे, अमर मुंडा, धर्मेंद्र चौहान, सिकंदर मुंडा, हसन अंसारी, साजिद हुसैन, टिंकू खान, समीर हुसैन, इमरान अंसारी, राजेश बेदिया, गरीब भुइयां सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 365 date 11.01.2025, I, Narayan Ram, age 73 years, son of Late Sukar Ram, resident of Makhmargo Birni, Village-Dhab, P.O.-Manjhiladih, P.S.-Birni, Majhladih, Giridih, Jharkhand-825324, Aadhar No.7030 3772 1192, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian Citizen & residing at above noted address.
2. That in Election Commission of India being No. HZW0250704 my name is written as Narayan Ram which is true and correct.
3. That in my Aadhar Card my name is written as Nunulal Ram which is wrong.
4. That I want to change in Aadhar Card of my name as Nunulal Ram to Narayan Ram.
5. That today I will be known as Narayan Ram.
6. That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Sworn and Signed this affidavit at Ranchi on 11th day of January, 2025.

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 380 दिनांक 10.01.2025 मै सुभाषी हस्सा पूती, पति अभिषेक पूर्ती, निवासी - ग्राम - इट्टी, पो0- सरदादा, थाना - मुरहू, जिला - खुँटी (झारखंड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूँ कि जो सही एवं सत्य है।
1. यह कि उपरोक्त पता की स्थायी हूँ
2. यह कि Anisha Hassa purty मेरी पुत्री है। 3. यह कि मेरी पुत्री का नाम से निर्गत भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड सं0 - 3422 9280 8013 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम भुलकर Sicilia Hassa purty दर्ज है जो कि गलत नाम दर्ज किया हुआ है। 4. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Anisha Hassa purty है पुर्णतः सही एवं सत्य है। 5. यह कि शपथ पत्र मेरी उक्त वास्तविक नाम का सत्यापन करने हेतु निष्पादित कर रही हुं। मै सुभाषी हस्सा पूर्ती , शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त सभी ब्यान मेरी जानकारी एवं विश्वास से पूर्णतः सही एवं सत्य है।

# काम के घंटों से ज्यादा अहम है क्वॉलिटी

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एनआर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए। देखा जाये तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीइओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाये। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है, जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो, तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाये रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं। बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुका कर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर इम्प्लॉई के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

**क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो, तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाये रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है, 127 वर्ष पूर्व वराहनगर मठ से सन्यास लेने के बाद उन्होंने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान अपने गुरु भाई स्वामी अखंडानंद के साथ सबसे पहले वाराणसी यात्रा किया, उसके बाद वे अगस्त 1888 में अयोध्या पहुचे। सरयू नदी में स्नान किया फिर अयोध्या में लक्ष्मण घाट स्थित सीताराम मंदिर में ठहरे। भ्रमण के दौरान अयोध्या में हनुमानगढ़ी, सीता रसोई, कनक मंदिर के दर्शन किये।**

# स्वामी विवेकानंद की राम वंदना

**डॉ अमरदीप यादव**

अयोध्या राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तीन दिवसीय भव्य उत्सव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रामलला का महाभिषेक के साथ कल से शुरू हुआ है। पिछले साल की प्राण प्रतिष्ठा की तरह वार्षिकोत्सव को भी दिव्यता और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। लगभग 500 वर्षो के इंतजार के बाद 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में श्री रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ और प्रभु श्री राम को मंदिर के मुख्य गर्भगृह में स्थापित किया गया। यह ऐतिहासिक पल हजारों वर्षो पौराणिक सनातन संस्कृति के गौरवशाली पलों में दर्ज हुआ।

आज स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है, 127 वर्ष पूर्व वराहनगर मठ से सन्यास लेने के बाद उन्होंने अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान अपने गुरु भाई स्वामी अखंडानंद के साथ सबसे पहले वाराणसी यात्रा किया, उसके बाद वे अगस्त 1888 में अयोध्या पहुचे। सरयू नदी में स्नान किया फिर अयोध्या में लक्ष्मण घाट स्थित सीताराम मंदिर में ठहरे। भ्रमण के दौरान अयोध्या में हनुमानगढ़ी, सीता रसोई, कनक मंदिर के दर्शन किये। वहां उन्होंने त्यागी जी महाराज और लक्ष्मण किला के संस्थापक रसिकोपासना के आचार्य युगलनन्य शरण के शिष्य पंडित जानकीवर शरण से धर्म, वेदांत, रामायण, महाभारत, गीता और आध्यात्मिक के बारे में चर्चा किया। स्वामी जी रामजन्मभूमि के आध्यात्मिक स्पंदन से आनंदित थे। वे साधु-संतो के बीच रहे, कथा कीर्तन और सत्संगों में भगवान राम की लीला बहुत ही आनंदपूर्वक सुनते थे।

**स्वामीजी के गुरु भाई स्वामी शिवानंद से हमे पता लगता है की स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि भारत के हर घर में हनुमान जी की पूजा होनी चाहिए।**



**स्वामी विवेकानंद के जीवन पर हनुमान का भी अद्भुत प्रभाव था। जब बाल्यकाल में स्वामीजी को यह जानकारी मिली कि हनुमान जी तो अमर है और अभी भी वनों में निवास करते है ; तो वह घर के पास स्थित केले के बाग में इस आशा से पहुंचे की हनुमान जी उनको वहां दर्शन देंगे।**

स्वामी विवेकानंद के शिष्य स्वामी अनंत दास ने अपनी आत्मकथा 'माय लाइफ विद माय गुरुजी' में लिखा है, कोलकाता के एक प्रसिद्ध व्यापारी ने राम मंदिर का निर्माण कराया। उसने स्वामी विवेकानंद से मंदिर का उद्घाटन भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 1957 (12 अगस्त 1900) के शुभ मुहूर्त पर कराया। जब व्यापारी ने उनके चरण स्पर्श करते हुए समय देने के लिए धन्यवाद कहा तो स्वामी विवेकानंद ने कहा- अरे इसमें धन्यवाद क्या, यह तो मेरा सौभाग्य है कि अयोध्या के राजा राम का कलकत्ता में आगमन का मैं प्रत्यक्षदर्शी बना।

पश्चिम की दूसरी यात्रा के दौरान 31 जनवरी 1900 को अमेरिका के कैलिफोर्निया में पासाडेना के शेक्सपियर क्लब में दिये गये एक व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि राम और सीता भारत के आदर्श हैं। अयोध्या के राजा, वीर युग के आदि आदर्श, सत्य और नैतिकता के अवतार राम का जीवन चरित्र एक पुत्र, एक शिष्य, एक पति, एक भाई, एक राजा व एक मित्र के रूप में मनुष्य का सम्पूर्ण सर्वोत्तम आचरण कैसा होना चाहिए, यह सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं को सीता होने का आशीर्वाद दिया जाता है। एक आदर्श पुत्री, पत्नी एवं मां के रूप में सीता का समूचा जीवन संघर्ष में बीता, किन्तु उन्होंने सारी पीड़ा सहर्ष सहन की और हर परिस्थिति में अपनी पारिवारिक भूमिकाओं के कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाया।

2 सितंबर 1897 को मद्रास (अब के चेन्नई) के विक्टोरिया हॉल के संबोधन में स्वामी विवेकानंद ने कहा : मैं बस राम के पुल के निर्माण में उस गिलहरी की तरह बनना चाहता हूँ, जो पुल पर अपनी थोड़ी सी रेत-धूल डालकर ही अपने योगदान से काफी संतुष्ट थी।

30 मार्च 1901 को अब के बांग्लादेश के ढाका में मैंने क्या सीखा शीर्षक पर स्वामी विवेकानंद कहते हैं, जहां राम हैं, वहां काम नहीं है; जहां काम है, वहां राम नहीं हैं। रात और दिन कभी एक साथ नहीं रह सकते।

स्वामी विवेकानंद के जीवन पर हनुमान का भी अद्भुत प्रभाव था। जब बाल्यकाल में स्वामीजी को यह जानकारी मिली कि हनुमान जी तो अमर है और अभी भी वनों में निवास करते है ; तो वह घर के पास स्थित केले के बाग में इस आशा से पहुंचे की हनुमान जी उनको वहां दर्शन देंगे। स्वामीजी के गुरु भाई स्वामी शिवानंद से हमे पता लगता है की स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि भारत के हर घर में हनुमान जी की पूजा होनी चाहिए क्योंकि उनका व्यक्तित्व हमारे मन को मजबूत बनता है; आत्मशक्ति का विकास करता है। हनुमान जी अपनी इंद्रियों के पूर्ण स्वामी, बुद्धिमान और अतिबलवाना थे।

करोड़ो युवाओं की प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रासंगिकता वर्ष दर वर्ष बढ़ती है, उनकी प्रेरणा भी माता सीता, प्रभु श्री राम और वीर हनुमान है। इनके जीवन को स्वामीजी ने संपूर्ण भारत राष्ट्र के लिए आदर्श बताया।

**(लेखक : भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष है।)**

## देश-विदेश की खबरें

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 20 से अधिक राज्यों के 2.50 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

# जातियों में विभाजित रहेंगे तो अपमानित होना पड़ेगा : योगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अयोध्या।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पौष शुक्ल द्वादशी कितनी अहम है, इसका नजारा शनिवार को अयोध्या में दिखा। रामलला के विग्रह की भव्य मंदिर में प्रतिष्ठा की वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनायी जा रही है। राममंदिर में विराजमान बालकराम शनिवार को एक साल के हो गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर अपने लल्ला के दर्शन करने पूरा देश उमड़ पड़ा। 20 से अधिक राज्यों के श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। 2.50 लाख भक्तों ने रामलला के दर्शन किये। शनिवार की सुबह पांच बजे से ही दर्शनपथ पर जयकारे गूंजने लगे थे। आस्था की हिलोरें उमड़-घुमड़ रहीं थी। कोई नृत्य कर रहा था, कोई मंगलगान, हर कोई भावविभोर था। रह-रहकर श्रद्धालुओं की टोली अलग-अलग मुद्रा में हाव-भाव में पहुंच रही थी। हर मन मस्तिष्क में बस राम ही राम समाये थे। रामलला के दरबार में देर शाम तक 2.50 लाख भक्त दर्शन-पूजन कर चुके थे। इसी तरह बिहार, रायपुर, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मुंबई, ओड़िशा सहित उत्तरप्रदेश के विभिन्न प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं में प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का साक्षी बनने की होड़ सी दिख रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में अंगद टीला पर जनसमूह को संबोधित किया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि राम राष्ट्र के प्रतीक हैं। राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं। दोनों को अलग नहीं कर सकते, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता और संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। समाज बंटा था तो देव स्थल अपमानित हो रहे थे। जाति व अन्य वादों के आधार पर विभाजित रहेंगे तो अपमानजनक स्थितियों का निरंतर सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने रामलला के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रतिष्ठा-द्वादशी के रूप में त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया गया है। 22 दिसंबर 1949 को रामलला का अपनी जन्मभूमि में प्रकट होना इस पूरी लड़ाई की पृष्ठभूमि को आगे बढ़ाता हुआ आज इन स्थितियों में पहुंचा कि प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष के उपरांत मंगलगान के साथ हम सभी गौरव की अनुभूति कर रहे हैं।

# दिल्ली शराब नीति पर कैग रिपोर्ट : 2026 करोड़ का हुआ नुकसान

**● केजरीवाल सरकार ने फैसलों पर एलजी की मंजूरी नहीं ली, लाइसेंस में गड़बड़ी; नेताओं को घूस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले दिल्ली में शराब नीति को लेकर कैग (कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई है। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपये का रेवेन्यू लॉस होने की बात कही गयी है।

इंडिया टुडे ने दावा किया है कि रिपोर्ट की कॉपी उसके पास है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शराब नीति में काफी गड़बड़ियां थीं, जिनमें लाइसेंस देने में खामी भी शामिल है। इसके साथ ही आप लीडर्स को कथित तौर पर घूस के जरिए फायदा पहुंचाया गया।




**उधर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस करके बताया कि आप की शराब नीति से सरकार को 2026 करोड़ का नुकसान हुआ।**

रिपोर्ट में बताया गया है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर जिस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अगुआई कर रहे थे, उसने एक्सपर्ट पैनल के सुझावों को खारिज कर दिया था। कैबिनेट ने नीति को मंजूरी दे दी थी और कई अहम फैसलों पर तब के उप-राज्यपाल की मंजूरी भी नहीं ली गयी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतों के बावजूद सभी को नीलामी की बोली लगाने की मंजूरी दे दी गयी थी, जिन्हें घाटा हुआ था, उन्हें भी लाइसेंस दे दिये गये या रिन्यू कर दिए गये थे। कैग रिपोर्ट को अभी दिल्ली विधानसभा में रखा जाना है। दिल्ली में 2021 में नयी शराब नीति लागू की गयी थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गये। सीएम और डिप्टी सीएम पद छोड़ना पड़ा। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

# कन्नौज रेलवे स्टेशन की निर्माणाधीन इमारत गिरी, मलबे में दबे 20 मजदूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** यूपी के कन्नौज में शनिवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। रेलवे स्टेशन की निर्माणाधीन इमारत का लेंटर अचानक से भरभरा कर गिर गया। इस दौरान इमारत के नीचे काम कर रहे करीब 20 मजदूर मलबे में दब गये, जिससे वहां हड़कंप मच गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके की ओर रवाना हो गये और राहत-बचाव के निर्देश दिये गये। आनन-फानन में राहत-बचाव की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया। टीम ने देर शाम तक छह मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बाकी मजदूरों का रेस्क्यू जारी है। अधिकारियों के मुताबिक अभी राहत-बचाव कार्य जारी है। जल्द ही अन्य मजदूरों को भी मलबे से बाहर निकाल लिया जायेगा। हादसा शनिवार दोपहर करीब तीन बजे का है। उस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस, प्रशासन और रेलवे के अफसर मौके पर पहुंचे। इसके अलावा जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत राहत बचाव कार्य अभियान चलाया।

### दयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के चिंतन शिविर का उद्घाटन

# भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदल कर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, जिसे ब्राजील ने समर्थन दिया : अन्नपूर्णा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार 10-12 जनवरी के दौरान राजस्थान के उदयपुर में चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में किया।



अपने उद्बोधन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री, सवित्री ठाकुर ने मंत्रालय की वर्तमान पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। इस शिविर में सहयोगात्मक चर्चाओं और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से हम सफल प्रथाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखते हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री, भजन लाल शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में इस आयोजन की मेजबानी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान को इस परिवर्तनकारी आयोजन की मेजबानी पर गर्व है। यह चिंतन शिविर सार्थक संवाद और सहयोग का एक मंच है।

# नशीली दवा की तस्करी के खिलाफ भारत में जीरो टॉलरेंस : अमित शाह

**10 साल में 24 लाख किलो नशीली दवाएं जब्त की गयीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 सालों में नशीली दवाओं के खिलाफ अपनी लड़ाई को काफी मजबूत किया है और इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 2004 से 2014 के बीच लगभग 3.63 लाख किलो नशीली दवाएं जब्त की गयी थी, जबकि पिछले 10 वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 24 लाख किलो तक पहुंच गया है, जो कि सात गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में नशीली दवाओं की तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए सरकार और सक्रिय हो गयी है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से नशीली दवा की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर शनिवार को एक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उक्त बातें कहीं। इस दौरान विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इससे निपटने पर फोकस रहा।

## जिप सदस्य ने उपायुक्त से मनरेगा के सहायक अभियंता सुधीर कुमार रवि को हटाने की मांग की



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी ने शनिवार को जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को मनरेगा के सहायक अभियंता सुधीर कुमार रवि को हटाते हुए और नये सहायक अभियंता को पदस्थापित करने को लेकर पत्र लिखा है। वहीं पत्र में लिखा गया है कि सुधीर कुमार रवि लंबे समय से बरवाडीह में पदस्थापित है। परंतु उनका कार्य और व्यवहार बेहतर नहीं होने की शिकायत लगातार प्राप्त हो रही है। साथ ही जीप सदस्य ने आरोप लगाया कि सुधीर कुमार रवि के द्वारा योजनाओं के भोतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच नहीं किये जाने के कारण योजनाओं के संचालन पर प्रभाव पर रहा है। उनके द्वारा पंचायत मे संचालित विकास कार्य योजनाओं की देखरेख किए जाने की बजाय मुख्यालय में रहकर ही कुछ खास लोगों से घिरे रहते हैं, और योजनाओं के सभी कागजी कार्य करते हैं। वहीं उनकी कार्यशैली और व्यवहार योजना के लाभुक ग्रामीणों और मजदूरों के प्रति बेहतर नहीं होने के कारण सभी को मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है।

## समपार फाटक निर्माण की मांग को लेकर धरना, स्टेशन प्रबंधक ने लिया मांग पत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड के बरवाडीह छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच प्रखंड के ग्राम कुचिला स्थित नटवाबर टोला (अप-डाउन रेलवे पोल संख्या 251/26-27) रेलवे क्रॉसिंग के पास समपार फाटक या अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा नेता सह पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले ग्रामीणों का रेलवे स्टेशन बुकिंग काउंटर के बाहर धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिप सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ने वरीय स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी को 4 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद के नाम उक्त मांग को लेकर मेमोरेंडम भी दिया था। इस संबंध में जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने बताया कि इस रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर बहुवार टोला (कुचिला), गम्हरिया (छिपादोहर), बारीदोहर, बाढ़ीचट्टान, सैदूप जैसे कई गांव बसे हुए हैं। उन्होंने कहा अगर रेल प्रशासन उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है। तो उग्र आंदोलन को हम सभी बाध्य होंगे जिसके सारी जवाबदेही रेल प्रशासन को होगी। उक्त मांगों को लेकर ग्रामीणों ने नारेबाजी भी किया। धरना कार्यक्रम के लगभग 3 घंटा के उपरांत धरना स्थल में वरीय स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी पहुंच कर मांग पत्र लिया। स्टेशन प्रबंधक द्विवेदी ने कहा ग्रामीणों की मांग को सहानुभूति पूर्वक डीआरएम तक पहुंचाया जायेगा। धरना कार्यक्रम में पश्चिमी जिप सदस्य संतोषी शेखर भी पहुंच कर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों की हौसला बढ़ाया। मौके पर रामलाल सिंह, शाकिर अंसारी, रामनाथ सिंह, बालमुकुंद सिंह, सरिता देवी, मुनि देवी, सीता देवी, संजय सिंह, पप्पू साव, बृजमोहन सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## हमें भगवान राम के आदर्शों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है : धीरज साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही।** शहर में एकमात्र श्रीराम मंदिर फुलवारी में जय मां दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले अयोध्या में स्थापित राममंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। हमें उनके आदर्शों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में व मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवालमाणिकचंद सहित अन्य का सहयोग रहा।

### यतिराज डिवाइन स्पार्क स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

## स्वामी विवेकानंद के आदर्श को अपना कर अपने जीवन को साकार करें : एसपी

अच्छी नीतियों, अच्छी शिक्षा देकर समाज को सुधारना चाहते थे स्वामी विवेकानंद : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु स्थित यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या को वीर सन्यासी, महान ओजस्वी -तपस्वी, देशप्रेमी, वीर संत स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां, प्रो परमानंद अग्रवाल, डॉ टी साहू, संजय बर्मन, बीके बालाजिनप्पा, सामी बालाजिनप्पा समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति की। वहीं बच्चों ने स्वामी विवेकानंद पर आधारित कई नृत्य व नाटकों की प्रस्तुति दी। मौके पर एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि विश्व के कोने-कोने में स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श व उनके व्यक्तित्व को माना जाता है। वे एक दिव्य पुरुष थे। जिन्होंने समाज को नई दिशा दी। वे समाज के दर्पण थे। विश्व के सभी लोगो ने उनके संस्कारो को अपनाया। उनके आदर्श को अपनाकर अपने जीवन को साकार कर सकते है। एसपी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अच्छी नीतियों , अच्छी शिक्षा देकर समाज को सुधारना चाहते थे। एसपी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि यब ऑगेनाइजेशन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं। एसपी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को कौन नही जानता है। पूरे विश्व में जिन्होंने भारत का नाम किया। 1893 में शिकागो में जो भाषण उन्होंने दिया था उसकी चर्चा विश्व के हर कोने में है। एसपी ने कहा कि उनके जैसा दूसरा अगर आप ढूंढने निकलेंगे तो मुझे नहीं लगता है कि आपको मिल पायेगा। उनके जीवन से हम लोगों को इतने संदेश मिलते हैं इसका एक परसेंट भी हम लोग अपने जीवन में निहित कर ले तो वाकई में हर तरीके से इस संसार में और इस संसार के बाद का भी जो जीवन होगा वह सफल होगा। मेरी शुभकामना है कि यह स्कूल आगे प्रगति करें। विद्यालय प्रबंधन द्वारा एसपी को स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी के किताब को देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामबिलास सिंह, डॉ गणेश प्रसाद, आदित्य साहु, अमित साहु, नरेश साहु, जानवी कंचन गोयल, मंटु साहु, लतीफ अंसारी, संदीप साहु, शोमा मुखर्जी, पिंटु , बलराम भगत, धरमवीर, रजत, अभिषेक, शदाब समेत अन्य मौजूद थे।

### राशन डीलर की दबंगई से ग्रामीण आहत, उपायुक्त को लिखा पत्र

## राशन डीलर पर जब तक कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक राशन नहीं लेंगे: कार्डधारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के बरवाटोली टोली पंचायत ग्राम रूद के रहने वाले जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मंगल उरांव पर राशन कम देने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को पत्र लिखा है और पत्र में कहा है कि राशन डीलर मंगल उरांव के द्वारा कार्डधारियों को राशन कम देने कार्ड छपाई के नाम पर प्रति कार्ड 300 रुपये प्रति व्यक्ति लिया गया है। ग्रीन कार्ड में अंगूठा लगाने को लेकर प्रति व्यक्ति से 300 रुपये लिया गया है। अंगूठा लगवा कर पुर्जा निकाल कर बाद में राशन नहीं है। पुर्जा निकालकर पुर्जा अपने पास रख लेना ऐसा कार्य हमेशा किया जाता है। और राशन भी नहीं दिया जाता है। सभी कार्ड धारी को राशन 4 से 5 किलो कम देता है। ग्रीन कार्ड धारियों को जिला से राशन नहीं मिला है। यह बोलकर राशन नहीं दिया जाता है। ई केवाईसी के नाम पर प्रति व्यक्ति 50 से 100 रुपये लिया जाता है। दाल नमक साड़ी धोती के नाम पर अधिक पैसा लिया जाता है। जिसको लेकर चंदवा खाद आपूर्ति पदाधिकारी को भी सूचना दिया गया था। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई और डीलर मंगल उरांव के कार्य में किसी तरह का भी कोई सुधार नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी ग्रामीण कार्ड धारी आहत होकर लातेहार उपायुक्त से मांग करते हैं कि मंगल उरांव पर कड़ी कार्रवाई हो और हम सभी ग्रामीण एकजुट होकर निर्णय लिए हैं कि जब तक राशन डीलर मंगल उरांव रहेंगे तो हम लोग उनके पास से राशन नहीं लेने का निर्णय लिया है।

वहीं इस संबंध में चंदवा प्रखंड के प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को ही मंगल उरांव का दुकान को लॉक कर दिया गया है परंतु ग्रामीणों के द्वारा हमें भी सूचना मिली है रविवार को जाकर दुकान की जांच करेंगे। उसके साथ ही नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर कार्ड धारी नीलम सुनीता कुजूर, रूपा उराइन, सुनीता सुरीन, कलावती, राजू, बाई, अफसरी, शुक्रमनी, सुनीता, सुनील, सुनीता,अनिता देवी, राजू उरांव, कलावती उयूरिन तारामणि देवी, सुशीला देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हाइवा ने बाइक में मारी टक्कर, दादा की मौत और पोता गंभीर, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना अंतर्गत मुरपा खलारी मुख्य मार्ग पर भगेया के समीप सीरम बाजार से पहले तेज रफ्तार में जा रहे एक हईवा की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार दादा प्रयाग गोप (70) की मौत घटना स्थल पर हो गयी, जबकी बाईक चला रहे पोता अमित यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गये। वहीं बालूमाथ पीएचसी में उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक प्रयाग गोप की मौत की घटना के बाद बालूमाथ पीएचसी परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस घटना के संबंध मे मृतक के जेष्ठ शिक्षक पुत्र सुशील यादव ने बताया कि हमारे पिता प्रयाग गोप सेवानिवृत्त शिक्षक थे। वे 1997 मे मारंगलोईया स्थित मध्य विद्यालय से सेवानिवृत्त होने के बाद से पेंशन को लेकर काफी परेशान रहते थे। उन्हें आधार कार्ड और वोटर आईडी मे कुछ गड़बड़ी के कारण बालूमाथ स्टेट बैंक से मिलने वाले पेंशन की कुल राशि से दस हजार रुपये कम मिलने के से तंग आकर आधार कार्ड और वोटरआईडी में सुधार के लिए मुरपा से अपने पोता अमित यादव के साथ बाईक से प्रज्ञा केंद्र मैक्लुस्कीगंज जा ही रहे थे कि रास्ते मे वीपरित दिशा से आ रहे हाईवा ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिसमें मेरे पुत्र अमित यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि मेरे पिता प्रयाग गोप की मौके पर ही मौत हो गयी।

## झामुमो ने मदरसा के बच्चों को कंबल देकर शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन की जयंती पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को मदरसा फैजाने गरीब नवाज के बच्चो और जरूरतमंद व्यक्ति को कंबल वितरण किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के नायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने महाजनी, सूदखोरी और नशा के खिलाफ अभियान की शुरूआत की थी। मौके पर अल्पसंख्यक झामुमो लोहरदगा के जिला सचिव मंसूर अंसारी, कारी नौशाद साहब, कारी नदीम साहब, मोख्तार अंसारी आदि मौजूद रहे।

## उप प्रमुख ने किया चीरी पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया



**कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चीरी एवं कड़ाक समेत अन्य गांवों में कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ते ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया गया। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि लगातार पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है जिनको जरूरत है। मेरा प्रयास यही रहता है कि हर जरूरतमंद लोगों को कंबल के अलावा समय-समय पर जरूरियात की सामग्री मिले। मौके पर मुकेश उरांव,अजय साहू, आशिक अंसारी,मनोरमा मिंज, रिझरईन मिंज व बड़ी संख्या में ग्रामीण व अन्य लोग मौजूद थे।

# कोल्हान की खबरें

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिबू सोरेन का जन्मदिन

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने केक कटिंग कर जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

वृद्ध आश्रम और एमजीएम में फल और मिठाई का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झामुमों पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के द्वारा साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में शहीद सुनील महतो का जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर झामुमों नेता और कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। वहीं दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन साकची बृद्धा आश्रम और जिला संपर्क कार्यालय में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर झांरखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। जिला संपर्क कार्यालय में मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा केक कटिंग कर दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उपस्तित सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं ने गुरु जी का स्वस्थ जीवन व लंबी उम्र के लिए कामना की। वही मंत्री के द्वारा सैकड़ो जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं ने बृद्धा आश्रम और एमजीएम अस्पताल में फल और मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ट नेता मोहन कर्मकार, पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, बीर सिंह सुरेन, शागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, लालटु महतो, फैयाज खान, अरुण सिंह, राजा, कमलजीत कौर गिल, गणेश प्रसाद,निसार हुसैन, पप्पू यादव, कृष्ण कामत, फतेह चंद्र टुडू, संदीप चक्रवर्ती, नानटु सरकार, रानू मंडल, अवतार सिंह सिंधु, झरनापाल, सविता दास, सविता सिंह, दुर्गा बोपाई, बलजीत कौर, रानी सिंह, रजनी दास, पिंटू लाल, गोपाल महतो, खुदु उरांव, केके शर्मा, अजय रजक, विनोद डे, रेहान अंसारी, गुरमीत सिंह सहित सैकड़ो झामुमों नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रसाशन और पत्रकार का संवाद सह सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से सूचना भवन में प्रेस संवाद सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश कुमार लुनायत, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह सहित तमाम प्रशासनिक पदाधिकारियों व जिले भर के मीडिया कर्मी शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम में डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा मीडिया फीडबैक सरकारी योजनाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में त्रुटि संबंधित खबरें मीडिया में प्रकाशित होने से प्रशासन को भी इसकी जानकारी मिलती है।

डीसी ने कहा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड और अंचल पत्रकारो को किस प्रकार सहायता मिले इस पर विचार की जारही है। जिला प्रशासन जिले के पत्रकारों को सामाजिक कल्याण योजना से जोड़ कर लाभ पहुंचाने की योजना बन रही है। मौके पर उन्होंने पत्रकारों से परिचय प्राप्त कर उनके समस्याओं को जाना और निदान के लिए आश्वासन दिया। वहीं एसपी मुकेश लुनायत ने कहा कई बार मीडिया में ऐसी खबरें प्रकाशित होती है जिसकी भनक तक हमें नहीं होती। मीडिया हमारे लिए आंख और कान का काम करते हैं। मीडिया समाज में आलोचक की भूमिका निभाते हैं। जो स्वच्छ प्रशासन के लिए जरूरी है।

## शिबू सोरेन के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बमामाईंस क्लब हाउस में झामुमो नेता महावीर मुर्मू के नेतृत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड के जनक ढिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन व वीर शहीद सांसद सुनील महतो के जन्मजयंती मनाया गया। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन सम्मानित अथिति में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, समाजसेवी संजय पाल्सानिया, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, पूर्व सांसद सुमन महतो,जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो नेता प्रमोद लाल, शेख बदरुदीन, गणेश चौधरी शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से स्वर्गीय सुनील महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। वही ढिशुम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर केक कटिंग कर खुशी मनाया गया।

### दिशोम गुरु के जन्मदिन पर कंबल का किया वितरण



**आदित्यपुर।** झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन पर झामुमो युवा नेता सन्नी सिंह ने झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं के साथ जमशेदपुर के वृद्धा आश्रम में कंबल का वितरण किया। मौके पर वृद्धा आश्रम में उपस्तित गुरुजनों के बीच नास्ता का प्रबंध किया। मौके पर मनोज कुमार, रोबिन हांसदा,जानसिंह तमसोय सहित अन्य शामिल रहे।

## विधिक सेवा शिविर का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, तभी समाज सशक्त होगा : न्यायमूर्ति

घाटशिला से राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में 90 दिवसीय जागरूकता और आउटरीच अभियान का शुभारंभ

घाटशिला कोर्ट परिसर में नवनिर्मित हाजत का उद्घाटन, समेत लाभुकों के बीच 3 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला।** झालसा के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर व जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम के द्वारा घाटशिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को शिविर में मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर अनिल कुमार मिश्रा, झालसा के सदस्य सचिव रंजना अस्थाना, डीसी अनन्य मित्तल,एसएसपी किशोर कौशल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी व जिला स्तरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा विधिक सेवा शिविर का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे तभी समाज सशक्त होगा। आमजन अपने कानूनी अधिकार एवं सरकार की योजना के प्रति सजग हों। सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। उन्होंने कहा नालसा का उद्देश्य है कोर्ट में लंबित मामलों को लोक अदालत एवम मेडिएशन के माध्यम से अधिक से अधिक मामले का निपटारा करना।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# अंजन धाम में पूजा अर्चना कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शुरू किया अंबेडकर सम्मान मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला।** बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एआईसीसी सह- प्रभारी झारखंड डॉ सिरिबेला प्रसाद, पुर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू झारखंड प्रदेश के नेतागण उपस्थित रहें। कांग्रेसियों ने गुमला स्टेडियम गेट के सामने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष और अन्य अतिथियों ने गुमला जिला स्थित आंजन धाम में दर्शन पूजन किया। आंजन धाम से सम्मान मार्च शुरू होकर टोटो चौंक में समापन किया गया। मौके पर कोंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 'जय बापू, जय भीम अभियान, जय संविधान अभियान'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने संविधान, सामाजिक न्याय, और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इन मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ हमारी मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह तुरंत इस्तीफा दें। जैसा कि आप जानते हैं, हमने 'डॉ अंबेडकर सम्मान सप्ताह' की शुरूआत की थी। ताकि बाबा साहेब अंबेडकर के योगदानों को सम्मान किया जा सके। उनकी विरासत तया संवैधानिक मूल्यों पर हो रहे खतरों को उजागर किया जा सके। देशभर में जिला कांग्रेस कमेटियों ने बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च आयोजित किया जा रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान इस आंदोलन को आगे बढ़ने के लिए, 26 दिसंबर 2024 को बेलगावी में संपन्न विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया। यह अभियान महात्मा गांधी, डॉ बीआर अंबेडकर जी, और हमारे संविधान में निहित मूल्यों की विरासत को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए है। झारखंड प्रदेश के सभी प्रखंडों में भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च किया जायेगा। सम्मान मार्च का धन्यवाद ज्ञापन सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने किया। मौके पर प्रदेश सचिव रमेशकुमार चीनी, अकील रहमान, गीता उरांव, सतिस पोल, रियाज अंसारी, पीपी रेबन, रमेश चीनी, संजय कुमार, दामोदर प्रसाद प्रदेश नेता गण, बैबुल ईअंसारी, विकास गुप्ता, निरंजन बाड़ा, बिकास साहू, अजित केरकेट्टा, अरुण पांडे, राजु भगत,सतीश पॉल मुंजनी, श्री रियाज अंसारी, रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण, अग्रणी संगठन जिलाध्यक्ष गण, पंचायत अध्यक्ष गण,बुथ अध्यक्ष गण सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान मार्च में उपस्थित रहे।

# गुमला: सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित खोरा पतरा टोली के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में बाइक से सड़क पर गिर गये। घटनास्थल पर ही एक युवक सकरौली निवासी मनीष उरांव पिता सुलेंद्र उरांव की मौत हो गयी, जबकि सकरौली निवासी 18 वर्षीय प्रदीप उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर मनीष को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रदीप का सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक किसी काम से गुमला आये थे। शुक्रवार की रात 8:30 बजे अपने गांव लौट रहे थे तभी खोरा पतरा टोली के समीप सड़क हादसा हुआ। हालांकि वे लोग खुद से गिरे या कोई वाहन उन्हें टक्कर मार दिया इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन कुछ लोगों ने बताया उनकी रफ्तार काफी तेज थी। घटना की जानकारी के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां मनीष के परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल था। फिलहाल मृतक के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। शनिवार को उसके शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा। वहीं घायल प्रदीप को देर रात रिम्स ले जाया गया। उसके सिर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर भी चोट लगी है। वहीं मनीष के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण घटनास्थल पर उसकी मौत हो गयी।

## वाहन से दब कर बच्ची की हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के ऊपर खटंगा पंचायत स्थित लुरु गांव में शनिवार की सुबह बच्चो के खेलने के दौरान एक टाटा मैजिक वाहन के लुढ़क कर पलट जाने से उसमें सवार पहली क्लास की एक मासूम छात्रा अनन्या टोप्पो की मौत हो गयी, जबकि अनन्या के साथ खेल रही कई अन्य मासूम बच्चे ऑटो के पलटने से पहले इधर-उधर गिर जाने से बाल-बाल बच गये। इधर ऑटो के पलटते ही उसमें दबकर अनन्या की मौत होते देख उसके पिता अमित टोप्पो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े और बेसुध हो गये। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वे बेटी की मौत के कारण अब भी सदमे में है। घटना को लेकर बताया जाता है कि अमित टोप्पो गांव में रहकर खेती बारी करते है, जबकि उसकी मासूम बेटी अनन्या गांव के ही आंगनबाड़ी में पढ़ाई करती थी। मगर हाल के दिनों में जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी घोषित कर दिया गया है। जिसके कारण अनन्या घर मे ही रहकर अपने माता पिता के साथ खलीहान की ओर धान मिसाइ देखने गयी थी।

# गुमला: गभर्वती को बहंगी में ढोकर तीन किलोमीटर पैदल मुख्य सड़क तक पहुंचाया

**सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदवा कोना गांव सरकारी सुविधाओं से है मरहूम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** गुमला के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदवा कोना गांव सरकारी सुविधाओं से मरहूम है। वहां के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क और स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में बेंदवा कोना निवासी एक गर्भवती महिला प्रियंका सिंह, पति राजकुमार सिंह को डिलीवरी के लिए सदर अस्पताल गुमला लाना था। लेकिन एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने और महिला की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीण बहंगी में ढोकर हिरादह धाम मुख्य सड़क तक तीन किलोमीटर पैदल चल कर महिला को लेकर आये। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बेंदवा कोना गांव में आज भी बिजली नहीं है। लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। वहीं गांव में पीने योग्य पानी की व्यवस्था भी नहीं है। लोग खेत या चुआं का पानी पीते हैं, जिससे लोग बीमार भी पड़ते हैं। गांव तक सड़क नहीं बनने के कारण मरीजों को कंधा में ढोकर मुख्य पथ तक ले जाया जाता है। गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। ग्रामीणों ने बताया कि जब चुनाव का समय आता है तो नेता गांव पहुंचते हैं। ग्रामीणों से गांव की समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हैं। समस्याओं को दूर करने का झूठा आश्वासन भी देते हैं। लेकिन चुनाव जीतने के बाद मुड़ कर गांव की ओर नहीं देखते हैं।

नेताओं के झूठे आश्वासन से ग्रामीण परेशान हैं। आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी लोग पाषाण युग में जीने को विवश हैं। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। सड़क नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं मरीजों को मुख्य पथ तक लाने के लिए गांव के 10 से 15 लोगों का सहयोग लेना पड़ता है। ग्रामीण हमेशा सहयोग के लिए तैयार भी नहीं रहते हैं। वहीं महिला की स्थिति को देखते हुए पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी संगीता देवी, बसंती देवी, लालो देवी, राजकुमारी सिंह, भंजन सिंह और अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कलिगा पंचायत में आयोजित दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का दूसरे दिन शनिवार को राज्य स्तर से प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर डॉ संजय प्रसाद के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। दूसरे दिन के 77 पशुपालकों के 1050 पशु - पक्षियों का चिकित्सा, बधियाकरण, गर्भ जांच एवं दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ सूर्यवंश ठाकुर, डॉ रूपा लकड़ा, मनोज प्रसाद समेत वेटनरी यूनिट के कर्मी, पशुपालक आदि उपस्थित थे।

## ट्रेन से कट कर दिलीप की मौत

**घाघरा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हापामुनि गांव निवासी मजदूर दिलीप उरांव का त्रिपुरा ईट भट्ठा से लौटने के क्रम में चंद्रपुरा स्टेशन में ट्रेन से कट जाने के दरमियान मृत्यु हो गयी। जिसके बाद परिजनों द्वारा शव को हापामुनि गांव खिलाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव ने बताया कि दिलीप गत सितम्बर माह में ईंट भट्ठा में काम करने त्रिपुरा गया था। सोमवार को वह त्रिपुरा से हापामुनि गांव लौट रहा था। जहां वह चंद्रपुरा स्टेशन में उतर गया। वहीं गुरुवार को चंद्रपुरा स्टेशन में ट्रेन से कटा हुआ शव रेलवे अधिकारियों ने देखा। वहीं दिलीप के पास डायरी के आधार पर रेलवे के अधिकारियों द्वारा दूरभाष पर इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके बाद परिजन चंद्रपुरा पहुंच शव का पहचान दिलीप के रूप में किया और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर हापामुनि गांव पहुंचा। जहाँ आज अंतिम संस्कार किया गया। प्रधान उराव ने यह भी बताया कि मृतक दिलीप का 5 साल का एक बच्चा है और उसकी पत्नी गर्भवती भी है।

# झानिमयू का राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में 24 से 26 फरवरी तक होगा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन का राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 24 से 26 फरवरी 2025 तक आहूत है। इस सम्मेलन की तैयारी को लेकर झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष महेंद्र जंक्शन उरांव की अध्यक्षता व भाकपा माले जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक कचहरी परिसर गुमला में की गयी, जिसमें राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्यक्रम के कई निर्णय लिए गये। निर्णय के अनुसार जिला अध्यक्ष महेंद्र जंक्शन उरांव के नेतृत्व में दर्जनों मजदूर नेता के द्वारा जिले के अंदर विभिन्न ग्राम पंचायत में सदस्यता अभियान, कोष संग्रह, नुक्कड़ सभा, दीवार लेखन, पर्चा वितरण , प्रचार प्रसार का काम किया जा रहा है। गुमला जिले से दो प्रतिनिधि राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे और 22 जनवरी को खुला सत्र में भाग लेने के लिए जिले से सैकड़ो कार्यकर्ता दिल्ली रवाना होंगे। 26 जनवरी को जननायक कामरेड महेंद्र सिंह का 20वीं शहादत दिवस मनाया जायेगा। इसी बीच जोहार झारखंड संकल्प सभा और कार्यक्रम लिए जायेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा वाले के जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के कार्यकाल में मेहनतकश मजदूरों के अधिकार में हमले बढ़े हैं, निजीकरण को बढ़ावा मिला है निजीकरण, जाति धर्म के नाम पर फूट डालने का काम के साथ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में इजाफा हुआ है। जमीन और खनिज कॉरपोरेटों को सौंपने में भाजपा की सरकार लगी हुई है ऐसे समय में राष्ट्रीय सम्मेलन के जरिए जन विरोधी सरकार के और कॉपोरेट परस्त सांप्रदायिक फासीवाद खिलाफ एक मजबूत जन आंदोलन की आवश्यकता समय की मांग है। मजदूर नेता कामरेड महेंद्र जंक्शन उरांव ने कहा कि गुमला जिला में मजदूर आदिवासी दलित को संगठित कर उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद किया जायेगा।

## जिप सदस्य ने विकास योजनाओं का निरीक्षण किया

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना ने शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोंसा नाला में बन रहे चैक डैम,लतरा झपराटोली में बन रहे चैक डैम और गाड़ा स्थित नाला में बन रहे चैक डैम का निरीक्षण किया।वहीं निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक व कर्मियों गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।जिप सदस्य श्री कंडूलना ने कहा कि क्षेत्र में बन रही चैक डैम का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण होगी तो क्षेत्र के किसान सालों भर खेती कर अच्छी फसल का उपज करेंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी।

## मनरेगा लोकपाल और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने चपका का भ्रमण किया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मनरेगा लोकपाल शाहबान शेख व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बेबी कुमारी ने संयुक्त रूप से चपका पंचायत का शनिवार को समीक्षात्मक बैठक और क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान मनरेगा योजनाओं का निरिक्षण करते हुए बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना, पुराने प्लांटेशन एवं नए प्लांटेशन योजनाओं को देखा। इस मौके पर लोकपाल ने कहा कि वैसे निमार्णाधीन कूप जिसका मुंडेरा नहीं बना है, उस कूप को जमीन लेवल से 2 फीट ऊंचा करने के बाद योजना बोर्ड को दीवाल में चिपकाने का काम को पूर्ण करें। साथ ही नए प्लांटेशन योजनाओं में घेरा व योजना बोर्ड सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए जल्द पूर्ण करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से मनरेगा लोकपाल शाहबाज शेख, मनरेगा बीपीओ बेबी कुमारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने बॉबी भगत के परिवार को ढांढ़स बंधाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचु, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव व अन्य कांग्रेसियों ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार से घाघरा स्थित घर पहुंच मुलाकात किया। इस क्रम में बॉबी भगत से उनके बड़े पुत्र की आत्महत्या करने की घटना की जानकारी लिया। इस क्रम में बॉबी भगत ने बताया कि किसी भी तरह की कोई भी परेशानी पुत्र को नहीं थी। इस तरह की घटना वह कैसे सोच कर कर लिया। यह कहा नहीं जा सकता है। सभी बातों को उसकी सुनी जाती थी। वही नेताओं ने बॉबी भगत और उनके परिवार को ढांढस बंधाया। और अपने छोटे पुत्र और पुत्री का लालन-पालन अच्छे तरीके से करने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव रेयाज अहमद, कांग्रेस जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, शहजाद खान सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# डब्ल्यू सीएसएफ चैरिटी स्पिरिट फाउंडेशन ने सैनिटरी के बारे में चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में महावारी और स्वच्छता पाठशाला का आयोजन किया गया। महिलाओं के मासिक चक्र पर चर्चा करते डब्ल्यू सीएसएफ चैरिटी स्पिरिट फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रियंका कुमारी सिंह ने बताया कि मासिक धर्म के समय में होने वाली कठिनाइयों के कारण एवम बचाव के बारे में बताया गया खासकर बाजार में उपलब्ध विभिन्न ब्रांड के सैनिटरी पैड्स की वजह से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में कार्तिक कॉलेज के प्रोफेसर अजीत कुमार हसदा एवं क्लॉस के बच्चियों ने भाग लिया उनके मासिक चक्र के दौरान होने वाले समस्याओं पर जानकारी प्रदान की गयी। बाजार में उपलब्ध बड़े-बड़े ब्रांड हमें जहर बेच रहे हैं। जहां एक ओर सेनेटरी पैड का इस्तेमाल महिलाओं के लिए एक बचाव कवच है। वहीं इसे कई ऐसी बीमारियों हो रही हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। किशोरी बालिकाओं या महिलाओं को सैनिटरी पैड्स से बीमारियों के बारे में लाइव डेमो के माध्यम से इन तथागत समस्याओं बीमारियों के कारण और बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला गया।


## 'नशा मुक्त भारत' के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन की मेडिकल विंग के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान के द्वारा जन जागृति कार्यक्रम में नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण हेतु ब्रह्माकुमारीज, गुमला की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# निर्विरोध निर्वाचित हो गयी चैंबर के सत्र 2025 की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव सत्र 2025 का परिणाम र्निविरोध हो गया। शनिवार को नाम वापसी प्रक्रिया के तहत 5 प्रत्याशियों ने नाम वापसी कर ली। अब कोरम पूरा करने के लिए चुनावी मैदान में महज 21 प्रत्याशी ही बचे हैं। और कार्यकारणी के लिए 21 सदस्यों की ही जरूरत है। जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने बतलाया की 8 जनवरी व 9 जनवरी 2025 को अप. 3 बजे से 5 बजे तक कुल 26 प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पत्र भरकर चुनाव पदाधिकरियों के समक्ष नामांकन किया था। जिसमे कई निर्दलीय प्रत्याशी के नाम भी शामिल हैं। आज नाम वापसी प्रक्रिया के तहत 5 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। जबकि जांच किये गए नामांकन पत्रों में मुख्य चुनाव पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गयी थी की सभी 26 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के दौरान सही व वैध पाए गए हैं। नाम वापस करने वालों में रितेश कुमार गुप्ता, मो इम्तियाज, सोनी देवी, ज्योति कुमारी, व मुनी लाल साहू शामिल हैं। इस तरह चुनाव हेतु अब कुल 21 प्रत्याशी ही चुनाव में रह गए। जिनमें दिलीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल (सोनू), प्रणय कुमार साहू (बिट्टू), राहुल केशरी, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार गुप्ता, राजेश लोहानी, अभिजीत कुमार जयसवाल (रॉकी), गुरमीत सिंह, आदित्य कुमार गुप्ता, गुन्नू शर्मा, अमित मंत्री (गोलू), बबलू वर्मा, अमित मंत्री , सोनू एच. डी. (अभिषेक कुमार), शंकर लाल साहू, संजीव शर्मा, बाबू गुडलक (योगेश शर्मा) के नाम शामिल हैं। मौके पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी, सहायक चुनाव पदाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल, चेम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष दामोदर कसेरा, आदि उपस्थित थे।

# शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में उत्साह ज्ञान और जागरूकता का संचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई प्रखंड स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्रों के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिला परियोजना कार्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह, वार्डन सह शिक्षिका मीना साहू, और लेखापाल सुजीत कुमार झा के नेतृत्व में यह भ्रमण संपन्न हुआ।

इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान छात्रों ने झारखंड विधानसभा, जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, मोराबादी स्थित साइंस सिटी और ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान का दौरा किया।

**विधानसभा भ्रमण:** छात्रों ने झारखंड विधानसभा का भ्रमण करते हुए विधायकों और मंत्रिमंडल के कार्यों और दायित्वों को समझा। यह अनुभव छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

**क्रिकेट स्टेडियम यात्रा:** जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में महेंद्र सिंह धोनी पवेलियन और अमिताभ चौधरी पवेलियन का दौरा किया गया। स्टेडियम प्रबंधन ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

**साइंस सिटी भ्रमण:** मोराबादी स्थित साइंस सिटी में छात्रों ने साइंस म्यूजियम, ओपन एयर साइंस पार्क, तारामंडल और लाइव थ्रीडी शो का आनंद लिया। इस अनुभव ने बच्चों को विज्ञान के महत्व को समझने में मदद की।

**बिरसा जैविक उद्यान:** ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान में छात्रों ने बटरफ्लाई पार्क, शेर, बाघ, मोर, हिरण, मगरमच्छ और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखा। बच्चों ने जैविक उद्यान में घूमते हुए अद्भुत आनंद प्राप्त किया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
10

# विवाहिता की हत्या के आरोप में पति-ननद गिरफ्तार

## तीन महीना पहले हत्या कर शव नदी के पास दफना देने का है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



हत्या के आरोप में पकड़े गये पति और ननद को जेल हाजत में ले जाती पुलिस।

**हुसैनाबाद।** रीता देवी नामक महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने उसके पति गोरख भुइयां और ननद ममता देवी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गोरख पिछले तीन महीने से फरार चल रहा था। इसकी जानकारी थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने दी। इस दिन संवाददाता सम्मेलन कर उन्होंने बताया कि आरोपी गोरख भुइयां ने रीता कुमारी से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद पत्नी को लेकर गोरख हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नसो जमालपुर के फटहा टोला में रह रही अपनी बहन के घर में रहने लगा। शादी के कुछ दिनों तक तो सब ठीक रहा, लेकिन उसके बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने लगा। आरोप है कि इसी बीच गोरख भुइयां ने अपनी पत्नी रीता देवी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए उसे बघमनवा नदी के किनारे एक पेड़ के समीप दफना दिया था। जब इस बात की जानकारी मृतका रीता के परिजनों को मिली तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। आरोपित गोरख भुइंया पलामू जिला के पड़वा थाना क्षेत्र के सिका गड़ेरियाडीह गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गोरख भुइयां को उसके घर से, जबकि ममता देवी को नसो जमालपुर गांव से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच के बाद इस मामले में लगातार छापमारी किए जाने पर नामजद उक्त आरोपितों को पकड़ा गया, जो तीन माह से फरार चल रहे थे।

# शिबू सोरेन केवल नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं : वशिष्ठ कुमार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नबीनगर रोड स्थित झामुमो कार्यालय में शनिवार को पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के वरीय नेता वशिष्ट कुमार उर्फ बबलू सिंह ने किया। झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से केट काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बबलू सिंह ने कहा कि झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने बहुत संघर्ष व त्याग के साथ राजनीति शुरू की है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य बनाने को लेकर जो आंदोलन छेड़ा वह सपना साकार हुआ। झारखंड अलग राज्य बना। वे झारखंड के लिए एक नेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, सचिव राजेश सिंह, सीताराम जी, अजीत तिवारी, धर्मेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह, जाकिर हुसैन, मुन्ना ठाकुर, विशाल कुमार, गौतम जायसवाल, अमर कुमार श्रवण दास, हिमांशु सिंह, शुभम कुमार, रबी मिश्रा, संतोष राम, रमेश राम आदि मौजूद थे।

# झामुमो नेता अविनाश देव व चंदन सिन्हा ने दिशोम गुरु के जन्मदिन पर दी बधाई





**छतरपुर/मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है। किन्हीं का नाम कमतर आंकना सरासर बेईमानी होगी। आंदोलन की कोख से एक क्रांतिकारी का जन्म हुआ जिसका नाम शिबू सोरेन है, जिसे लोग बड़े आदर से दिशोम गुरु के नाम से पुकारते हैं। उक्त बातें झामुमो नेता अविनाश देव ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों में शिबू सोरेन के चाहने वाले 80वां जन्म दिवस उत्साह के रूप में मना रहे हैं। बताया कि रामगढ़ नेमरा गांव से जिंदगी की सफर शुरू कर छोटानागपुर संथाल परगना के रास्ते दिल्ली तक पहुंचे। विनोद बिहारी महतो, एके राय के साथ मिलकर झामुमो के गठन, अंततोगत्वा अलग राज्य फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी को संभाले। आज भी पार्टी को दिशा दे रहे हैं इनके संघर्ष का नतीजा है कि इनके वारिस हेमंत बाबू झारखंड के मुख्यमंत्री और देश के कद्दावर नेता में शुमार हैं। अविनाश देव ने कहा कि आदरणीय गुरुजी के स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना करता हूं ताकि हम सबों को दिशा और रौशनी साथ साथ मिलता रहे। दूसरी ओर, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर उनसे मुलाकात कर बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। उन्होंने गुरुजी को झारखंड की धरोहर और आंदोलनकारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कहा कि जब झारखंड की जनता सूदखोरों और दलालों से त्रस्त थी, तब गुरुजी ने इनके खिलाफ संघर्ष कर लोगों को मुक्ति दिलाई। गरीबों के हक के लिए उन्होंने मंत्री पद और सत्ता का त्याग किया।

# चैनपुर प्रखंड में मनरेगा कार्यो में हो रही धांधली को लेकर रंजन दुबे ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रखंड के मनरेगा के कार्यो में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ध्यानाकर्षक कराया। उन्होंने पत्र में लिखा कि चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा द्वारा संचालित सभी योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है। मनरेगा कार्यो के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर भारी-भरकम रशि की प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक लूट की जा रही है। योजनाओं में लगभग सभी लाभुकों से 25 फीसदी तक की राशि कमिशन के तौर पर अधिकारियों द्वारा वसूली की जा रही है। कूप निर्माण व उसकी पक्कीकरण का कार्य बिना एमआर (मस्टर रोल) के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। बिना ईट एवं बोलडर का प्रयोग कर पैसों की निकासी कर ली जा रही है। गाय शेड निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती गई हैं। मनरेगा वेंडर को सामाग्री भुगतान करने में भी प्रखंड के मनरेगा पदाधिकारी द्वारा अनियमितता बरती गई है। प्रखंड स्तर पर वित्तीय जांच रिपोर्ट सोशल आडिट के कार्यो में भी बड़े पैमानों पर लीपापोती हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से आग्रह किया कि चैनपुर प्रखंड स्तर में चल रहे मनरेगा कार्यो की जांच राज्यस्तरीय टीम बनाकर करायें और संलिप्त दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करें।

# पलामू सांसद से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामराज राम ने शनिवार को सांसद विष्णुदयाल राम से मिलकर विद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के लिए भवन व चहारदीवारी की मांग की, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए जल्द ही सांसद कोटे से उच्च विद्यालय का भवन और चहारदीवारी निर्माण कराये जाने का भरोसा दिया। साथ ही उच्च विद्यालय को प्लस टू विद्यालय में उत्क्रमित करने का प्रस्ताव भी भेजने का आश्वासन दिया। छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए सांसद के निर्देश पर पथरा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय को तीन शिक्षकों को मिलने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज राम ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# पूर्व सरपंच के निधन पर सांसद ने जताया शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** केतात पंचायत के पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला के निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, प्रवीण सिंह, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, समाजसेवी नवीन चौबे, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व उप मुखिया ओमकार सिंह, मुखिया रोहित तिवारी आदि ने शोक व्यक्त किया है। बतातें चलें कि पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला का निधन नौ जनवरी को हो गया था। स्व. शुक्ला 1972 से 1978 तक एकीकृत केतात पंचायत के सरपंच रहे थे। उनके पुत्र गुड्डू शुक्ला ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

# वार्ड सदस्य के पति के निधन पर शोक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के बहेरवाडीह वार्ड सदस्या राजमतिया देवी के पति लालजी भुईयां (45) की लंबी बीमारी की वजह से हुई असामयिक मौत पर राजद नेता कमलेश यादव ने शोक व्यक्त किया। साथ ही मृतक के घर जाकर परिजनों को हर संभव सहायता की बात कही। मृतक के बड़े पुत्र रवि कुमार ने पिता की मुखाग्नि दी। मौके पर सीताराम भुईयां, धर्मेंद्र व रामरूप भुईयां आदि थे।

# प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण की जल्द मिलेगी स्वीकृति : ममता देवी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पर्यटन कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से पलामू जिले के पीपरा प्रखंड अंतर्गत धनमानी प्लास टू उच्च विद्यालय के मैदान में प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। उक्त जानकारी पीपरा प्रखंड प्रमुख ममता देवी और प्रमुख प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार यादव ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए हुसैनाबाद विधायक से अनुशंसा के बाद पलामू डीसी को प्रतिवेदन समर्पित किया गया था। इस आलोक में डीसी द्वारा सीओ से प्राप्त भूमि विवरणी सहित प्रस्ताव स्वीकृति के लिए सरकार के संयुक्त सचिव को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधीन धनमानी उवि परिसर में 4 एकड़ भूमि उपलब्ध है। इसे लेकर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के समुचित विकास और युवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को संवारने के लिए स्टेडियम का निर्माण जरूरी है।

# राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर क्षेत्र में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर विश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में कई धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रम आयोजित हुए। क्षेत्र के देवालयों को सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना हुई। सभी मंदिरों में भगवान श्रीराम की महाआरती की गयी। साथ ही कई मंदिर प्रांगण में महाभंडारा का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य कार्यक्रम विश्रामपुर नप मुख्यालय में हुआ। जहां ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें रथ पर सजा राम दरबार की झांकी व बांदरी सेना आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचा। जहां शाम को महाआरती और भंडारा हुआ। इससे पहले शोभा यात्रा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन सनातनियों के लिये गौरव का है। जिसे पुनः हासिल करने में 500 साल लगे। मौके पर पंडित अच्युतानंद पांडेय, राजन पांडेय, गोपाल सोनी, सत्यम सोनी, राजेश मार्शल, शिवशंकर चंद्रवंशी, रजनीश कुमार बबलू, विजय शाह, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, धीरन तिवारी, अजय केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबन राम, राजू केशरी, मुकेश चौधरी, अमित सोनी, भूषण चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, जयंत चौहान, रामानंद तिवारी, दिनेश चंद्रवंशी, कृष्णा केशरी आदि मौजूद रहे। इधर, डांडिला खुर्द के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ हुआ। जिसमें काफी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

### भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान रजवाडीह जमुने पोखराहा में संपन्न

# भाजपा का निर्माण-विस्तार राष्ट्र के निर्माण के लिए ही हुआ है : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ग्रामीण क्षेत्र के रजवाड़ीह पंचायत के मुख्य मैदान में भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता संगठन महापर्व अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्त्रेका संचालन राजा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा का निर्माण एवं विस्तार ही राष्ट्र निर्माण के लिए हुआ है। कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के साथ ही विचारधारा से भी जोड़ें, ताकि वे समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। आज इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार भी विकसित भारत बनाने की ओर अग्रसर है। कार्यकर्ता पार्टी की रीड होते हैं। वहीं, कार्यक्रम के सह प्रभारी प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं को भी अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। पार्टी में मान सम्मान के साथ समाज के हर क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलता है। इसी का परिणाम है कि आज मैं शहर की प्रथम महापौर बन पाई। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि भाजपा का सदस्य आज छोटे से बड़े स्तर पर संगठन के माध्यम से भी पहुंच जाता है। भाजपा परिवार से ही आज संगठन बट वृक्ष की तरह खड़ा हो पाया है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रविंद्र तिवारी, उदय शुक्ला, शिवकुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, किशोर पांडे, सुनील तिवारी, संटू सिंह, भोला पांडे, अरुण मिश्रा और अलख दुबे आदि मौजूद थे।

# लोगों की हमेशा सेवा करता रहूंगा : मंत्री योगेंद्र

**मद्य निषेध मंत्री ने किया कसमार में मार्केट कांप्लेक्स एवं 500 एमटी गोदाम का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** राज्य के पेयजल स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो का शनिवार को कसमार नागरिक मंच ने भव्य स्वागत किया। कसमार स्थित गर्री पंचायत सचिवालय भवन के सामने कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सिंदरी के भाकपा-माले विधायक चंद्रदेव महतो भी मौजूद थे। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि जनता ने जिस उद्देश्य के साथ हमें वोट देकर जिताया उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। मैंने हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ रहकर उनकी सेवा किया है और आगे भी करता रहूंगा। इसस दौरान कसमार प्रखंड मुख्यालय परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 500 एमटी के गोदाम एवं मार्केटिंग सेंटर निर्माण कार्य का भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने शिलान्यास किया। जिसका निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग की ओर से किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि अब किसानों से धान अधिप्राप्ति करने के बाद पैक्स को भंडारण करने में असुविधा नहीं होगी। बल्कि क्रय किये धान का सुरक्षित भंडारण हो सकेगा। इस मौके पर प्रमुख न्योती कुमारी डे, बीडीओ नम्रता जोशी, 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, सहायक निबंधक बेरमो उपेंद्र यादव, बीसीओ राणा रमेश, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, विमल जायसवाल, सुरेन्द्रनाथ महतो, शेर ए आलम, संजय महतो, रवि शंकर मेहता, मिथलेश जायसवाल, लालदेव महतो, कुलदीप करमाली, नंदन कपरदार, मोबीन अंसारी, फरीद अंसारी, अमीत जायसवाल, मिथलेश महतो, हरेंद्र महतो, पैक्स अध्यक्ष परमेश्वर नायक आदि मौजूद थे।

# पुलिस की रिपोर्ट में सांसद सीपी चौधरी पर लोगों को उकसाने का लगा आरोप

**पुलिस पर हमला, आजसू कार्यालय में आगजनी सहित अन्य घटनाओं को लेकर 150 लोगों को बनाया है आरोपित**

**महुदा (आजाद सिपाही)।** मधुबन थाना क्षेत्र के बाबूडीह स्थित हिलटॉप कंपनी में बर्चस्व लेकर हुए हिंसक घटना के बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर कुल पांच मामले दर्ज किये हैं। जिसमें प्रशासन ने धर्माबांध, खरखरी, आशाकोठी एवं फुलारीटांड आदि स्थानों के लगभग 150 लोगों को नामजद दर्शाते मामला दर्ज किया हैं। घटना के अलोक में धर्माबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार यादव ने बीसीसीएल प्रबंधन के स्थानीय महाप्रबंधक गणेशचंद्र शाहा की ओर से हिलटॉप कंपनी में आपराधिक पृष्ठभूमि के कारू यादव को कार्य दिला कर मनचाहे उद्देश्य की पूर्ति करने का उल्लेख किया हैं। वहीं, दूसरी ओर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर उकसावे का आरोप लगाते हुए स्थानीय दर्जनों ग्रामीण द्वारा गोली, बम चलाने का मुकदमा दर्ज किया। दर्ज प्राथमिकी में दोनों गुटों के लगभग 150 लोगों को आरोपित बनाया हैं। इधर, मधुबन थाना प्रभारी एवं महुदा पुलिस अंचल निरीक्षक ममता कुमारी ने कारू यादव व उसके समर्थकों द्वारा आजसू कार्यालय में लूटपाट कर आग के हवाले करने और तालाब स्थित मार्केट कॉम्प्लेक्स में छापामारी करने के दौरान डीएसपी बाघमारा पर जानलेवा हमला कर सरकारी कार्य में बधा डालने का मामला दर्ज करते हुए दर्जनों समर्थकों को गंभीर धाराओं के तहत नामजद आरोपित बनाया हैं।

# न्यायालयों में लंबित वादों से संबंधित तथ्य विवरणी निर्धारित समय पर उपलब्ध करायें : डीडीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने ठशनिवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें उच्च न्यायालय, अवमानना वाद एवं अन्य न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा हुई। यहां डीपीएलआर निदेशक मेनका, जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि अधिकारी आदि मौजूद रहे। इस अवस पर डीडीसी ने क्रमवार झारखंड अदालत द्वारा दिये गये जिला के विभिन्न विभागों/पदाधिकारी से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को वादों से संबंधित तथ्य विवरणी विभाग द्वारा कार्यालय को निर्धारित समय पर समर्पित करने का निर्देश दिया।

# आज गांधी उद्यान में लगेगा महिला हुनर हाट 2025

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला शाखा की ओरर से प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में लगाई जाने वाली 'महिला हुनर हाट 2025' मेले की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसकी जानकारी देते हुए महिला शाखा की अध्यक्षा प्रियंका सिंघानिया, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल और टीना आनंद ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया महिला हुनर हाट 2025 पलामू में महिलाओं द्वारा महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए लगाये जाने का यह पहला प्रयास है। जहां महिला उद्यमी या कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में जहां विभिन्न प्रकार की लजीज खाने के स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाई जा रही है वहीं मेले को रंगारंग बनाने के लिए बेबी रैंप शो, डांस कंपटीशन, डॉग शो, बॉडीबिल्डिंग शो, मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनीनगर के अलावे महिलाओं के लिए मेहंदी, चूड़ी के भी स्टाल लगाए जा रहे हैं। सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में 6 वर्ष से कम बच्चे नि:शुल्क आमंत्रित है। साथ ही प्रवेश पत्र लकी कूपन के माध्यम से रखा है जिसकी सहयोग राशि मात्र 50 रुपया है। जिसमें बंपर प्राइस टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन,इसके अलावा कई उपहार हर दो-दो घंटे में लकी ड्रा निकाले जाएंगे। वहीं, संध्या जायसवाल एवं टीना आनंद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद वीडी राम एवं मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी। मेला सुबह 10 बजे से संध्या छह बजे तक रंगारंग माहौल में चलेगा।

# 15 सूत्री मांग को लेकर बसपा का नपं कार्यालय पर धरना

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में ज्वलंत मुद्दों, भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी के विरुद्ध शनिवार को बसपा प्रखंड इकाई की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पलामू डीसी के नाम 15 सूत्री मांग पत्र सीओ मनीष सिन्हा को ज्ञापन सौंपी। जिसमें कहा गया कि नगरवासियों से मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना होल्डिंग टैक्स वसूलने का दबाव बनाने से व्यवसायिक गतिविधि विकसित नहीं की जा सकती है। नपं क्षेत्र में कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं, नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, किंतु पानी सप्लाई शून्य है। किसी भी वार्ड में नाइट लाइट पोल नहीं, नगर गठन के पूर्व से मोहल्लों में नाली, पीसीसी सड़क से लोग वंचित हैं। नए कार्य के नाम पर क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार ना देकर अन्य प्रखंडो, जिले के मजदूर एवं संवेदकों को अवैध उगाही के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे यहां के युवा दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। महत्वपूर्ण कागजात जन्म, मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र निर्गत करने में मजदूरों, किसानों एवं पीएम आवास के लाभुकों से भी टैक्स वसूली नियम संगत नहीं है। वहीं मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने 27 बकायेदारों के बैंक खाता फ्रिज करने के निर्देश को वापस लेते हुए शहर में सभी तरह के नगरीय सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सुशील कुमार रवि, रवि कुमार, दिनेश गुप्ता, गोविंद राम, रमन पासवान, राज कुमार, अजय राम, हरिहर मेहता, सोनू कुमार, आशा कुमारी, लक्खा कुंवर, सुमन कुमारी, मंजू कुमारी, मुरारी प्रजापति, पंडित राम आदि शामिल थे।

# जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च आयोजित

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर कांग्रेस के तत्वाधान में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मुस्ताक अहमद (आलम) की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अलावा जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह भी उपस्थित हुए। जुलूस में जय बापू, जय भीम का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान का नारा गूंजता रहा। मौके पर ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष सहाबुद्दीन अंसारी, प्रदीप राम, जिला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अनिल सिंह, राजन चन्द्रवंशी, विश्वनाथ चौधरी, प्रह्लाद, अजय प्रजापति, सरताज अहमद, आशिफ हुसैन, नीतीश कुमार, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष फिरदौस आलम, अकबर खां और अजीज अंसारी आदि मौजूद थे।

# बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की विकास योजनाओं की समीक्षा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही परेशानियों से बीडीओ को अवगत कराया। इस पर बीडीओ ने प्रतिनिधियों को विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, अंजू कुमारी, धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# क्षेत्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन 2025 में एनटीपीसी बोंगाईगांव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और समस्या-समाधान कौशल को प्रतिबिंबित करते हुए एनटीपीसी बोंगाईगांव ने 10 जनवरी, 2025 को एनटीपीसी दलीपाली द्वारा आयोजित क्षेत्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन (आरक्यूसीसी) 2025 में प्रतिष्ठित दूसरा उपविजेता पुरस्कार प्राप्त किया। सम्मेलन ने दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए एनटीपीसी की परिचालन इकाइयों की प्रतिभाशाली टीमों को एक साथ लाया। सी एंड आइ रखरखाव और संचालन समूह-बी विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाली एनटीपीसी बोंगाईगांव की एलक्यूसी-सिंक्रोनी टीम ने जोर देने वाली तापमान विफलता के कारण मिलों की बार-बार अनुपलब्धता पर अपनी प्रस्तुति के साथ निर्णायकों को आकर्षित किया। इस महत्वपूर्ण मुद्दे के उनके अभिनव समाधान ने संयंत्र की विश्वसनीयता में सुधार के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया और व्यापक सराहना प्राप्त की। एसएस वस्त्रकार वरिष्ठ सहायक अभियंता (सी एंड आइ रखरखाव) के नेतृत्व में, एमडी मुकरम कुरेशी इंजीनियर (ऑपरेशन) उप नेता के रूप में, और टीम के सदस्य गौरब बरुआ जूनियर इंजीनियर (सी एंड आइ रखरखाव) और गुंजन राभा डिप्लोमा ट्रेनी (सी एंड आइ) टीम ने टीम वर्क और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। 31 अगस्त 2024 को एनटीपीसी बोंगाईगांव में आयोजित स्टेशन स्तर के क्यूसी सम्मेलन में सराहनीय प्रदर्शन के साथ उनकी यात्रा शुरू हुई, जहां उन्होंने प्रथम उपविजेता का स्थान हासिल किया। आरक्यूसीसी ने ज्ञान साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम किया, जो संचालन उत्कृष्टता पर एनटीपीसी के ध्यान को रेखांकित करने वाले नवाचारों को प्रदर्शित करता है।

एनटीपीसी बोंगाईगांव की उपलब्धि अपने कार्यबल के बीच नवाचार, सहयोग और निरंतर सुधार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह मान्यता न केवल एनटीपीसी बोंगाईगांव के तकनीकी कौशल को दर्शाती है, बल्कि राष्ट्र को विश्वसनीय, टिकाऊ और कुशल बिजली प्रदान करने के एनटीपीसी के व्यापक मिशन के साथ भी मेल खाती है।

# सोआ यूनिवर्सिटी में मेटाफेस्ट शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंजीनियरिंग और उसके अनुप्रयोगों में मेटा-ह्यूरिस्टिक्स पर दो दिवसीय दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (मेटासॉफ्ट-2024) शनिवार को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) में संपन्न हुआ। इसमें विशेषज्ञों ने यह विचार व्यक्त किया कि अच्छी सटीकता के साथ उचित समय के भीतर अनुसंधान में त्वरित परिणाम प्राप्त करने के लिए मेटा-ह्यूरिस्टिक एल्गोरिदम को तैनात किया जा सकता है। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च आइटीइआर द्वारा इंजीनियरिंग और उसके अनुप्रयोगों में मेटाह्यूरिस्टिक्स पर आयोजित दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (मेटासॉफ्ट 2024) शनिवार को संपन्न हुआ। इसे आइटीइआर के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न देशों के कई विद्वानों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। आइआइटी गुवाहाटी के प्रोफेसर प्रो आर्यवर्त साहू उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि आइआइटी भुवनेश्वर के प्रो चंद्रशेखर पेरुमल्ला ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि सोआ के कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद ने अध्यक्षता की। प्रो साहू ने सम्मेलन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मेटाह्यूरिस्टिक एप्लिकेशन ने शोधकर्ताओं को अच्छी सटीकता के साथ जल्दी परिणाम प्राप्त करने में मदद की। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 157 उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्राप्त हुए। प्रो नंद ने कहा कि सोआ अधिक संख्या में ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन को प्रोत्साहित करता रहा है। उन्होंने कहा कि सोआ ने एक शोध इको-सिस्टम विकसित किया है। सम्मेलन के दूसरे दिन एनआइटी राउरकेला के प्रोफेसर बिभुदत साहू, नागालैंड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सुजाता दाश और कोसोवो में रोचेस्टर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर देबब्रत सामंत ने व्याख्यान दिया। सोआ एसआरआइसी के डीन प्रो पीके पात्र ने अध्यक्षता की।

# वैश्विक प्रदूषण से निपटने पर एसओए में पुस्तक का विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वैश्विक प्रदूषण की समस्या से निपटना एक कठिन चुनौती है, क्योंकि पारंपरिक उपचारात्मक तकनीकों को लागत-निषेधात्मक माना जाता है। कभी-कभी, उपचारात्मक प्रक्रिया ही पर्यावरण प्रदूषण में योगदान करती है। हालांकि, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का मानना है कि फाइटोरेमीडिएशन, एक पौधा-आधारित सफाई विधि, पर्यावरण प्रदूषण को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकती है। इस विषय पर चार शोधकर्ताओं द्वारा संपादित एक पुस्तक, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक द्वारा हाल ही में यहां जारी की गयी थी। दो शोधकर्ता सोआ से हैं।

'फाइटोरेमेडिएशन के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषकों का सतत प्रबंधन' शीर्षक वाली पुस्तक उस पद्धति पर केंद्रित है जिसने विभिन्न प्रकार के खतरनाक प्रदूषकों को साफ करने के लिए पारंपरिक उपचारात्मक प्रौद्योगिकियों के लिए एक कुशल, किफायती और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ विकल्प के रूप में ध्यान आकर्षित किया है।

डॉ दत्तात्रेय कर, चिकित्सा अनुसंधान विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल में सहायक प्रोफेसर, एसओए के चिकित्सा विज्ञान संकाय, डॉ अनन्या कुनार, एसओए के जैव प्रौद्योगिकी केंद्र में सहायक प्रोफेसर, डॉ आलोक प्रसाद दास, रमादेवी महिला विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और शोधकर्ता और वैज्ञानिक लेखक डॉ मौलिन पी शाह संपादक हैं।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के डीन डॉ दत्तात्रेय कर और प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्रा उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे के तहत नवगठित रायगड़ा रेलवे डिवीजन के डीआरएम के रूप में अमिताव सिंघल ने कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय रेलवे के एक कुशल अधिकारी अमिताव सिंघल आधिकारिक तौर पर पूर्व तट रेलवे के तहत नव स्थापित रायगडा रेलवे डिवीजन के पहले मंडल रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) के रूप में कार्यभार संभाला है। यह नियुक्ति नए प्रभाग के संचालन और क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रायगडा रेलवे डिवीजन का गठन रेलवे नेटवर्क के विकास में तेजी लाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है, खासकर ओडिशा के दक्षिणी जिलों में। यह डिवीजन रायगडा, कोरापुट, गजपति, नबरंगपुर, मलकानगिरी और कलाहांडी के आदिवासी और आकांक्षी जिलों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे इन वंचित क्षेत्रों में तेजी से बदलाव आयेगा।

इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए श्री सिंघल की नियुक्ति का उद्देश्य संभागीय मुख्यालयों के तेजी से निष्पादन और इन क्षेत्रों में रेलवे बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास सुनिश्चित करना है। उनके नेतृत्व से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, संपर्क में सुधार लाने और विशेष रूप से दक्षिण ओड़िशा के आदिवासी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

श्री सिंघल अपने साथ भारतीय रेलवे में एक प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आये हैं। एनआइटी त्रिची से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक, वे 1999 में एक सहायक मंडल विद्युत इंजीनियर के रूप में भारतीय रेलवे में शामिल हुए। उन्होंने तब से प्रमुख परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन-18) के डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग के साथ-साथ रेलवे विद्युतीकरण में नवाचार शामिल हैं। रेलवे विकास में यह नया अध्याय स्थानीय समुदायों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगा, जिससे बाजारों, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक पहुंच में सुधार होगा। यह कृषि-आधारित क्षेत्रों जैसे स्थानीय उद्योगों में विकास की सुविधा भी प्रदान करेगा और दक्षिणी ओडिशा के सुंदर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों में पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा।

रायगड़ा रेलवे जोन ओडिशा को एक प्रमुख परिवहन और आर्थिक गंतव्य के रूप में स्थापित करते हुए क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इससे कोरापुट कॉफी और हल्दी जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी जो व्यापक बाजार और वितरण के लिए अधिक अवसर देखने के लिए तैयार हैं।

# निर्माणाधीन घर में बम से भरा बैग मिला

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एक निर्माणाधीन घर में बम से भरा बैग मिला। एक युवक को थाने में अटक रखा गया है। सूचना मुताबिक बैद्यनाथपुर पुलिस ने पेट्रोलिंग कर रही थी तब पेट्रोलिंग गाड़ी को देखकर 4 बदमाश ने भाग गये। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक निर्माणाधीन घर के अंदर सात बम मिले। एक युवक की पहचान कर उसे थाने में रखा गया है। एसपी ने बताया कि फरार तीन अन्य युवकों को जल्द ही पकडा जायेगा। पुलिस ने गंजाम जिले के खजुरिया के पास एक निमार्णाधीन घर से बम से भरा बैग जब्त किया है। बदमाशों ने उक्त बैग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 के किनारे खजुरिया की इस घर में छोड़ कर भाग गए थे। पुलिस ने बैग से 30 से ज्यादा बम बरामद किये।

# युवाओं के प्रेरणास्रोत थे स्वामी विवेकानंद : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त महान संत और दार्शनिक थे। उनकी जीवनी एक आदर्श के रूप में स्थापित है। वह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ। उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है। स्वामी विवेकानंद ने वेद, उपनिषद, और भारतीय दर्शन का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में उनके ऐतिहासिक भाषण ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कर दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत भाइयों और बहनों के संबोधन से की, जिसने सभी का दिल जीत लिया। वे शिक्षा को आत्मनिर्भरता, आत्मशक्ति और आत्मविश्वास का माध्यम मानते थे। उनके अनुसार, शिक्षा केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करे। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत है।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.- 40 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.-15-डीडीयू-व.मं.इंजी.-I-24-25. 1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन TRR/P-3.21 कि.मी. और TFR-48.19 कि.मी.। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,79,78,853.78, 3. धरोहर राशि : ₹2,39,900.00, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 31.01.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01899/डीडीयू/अभि./टी/24-25/32


## पश्चिम ओड़िशा विद्युत अमला संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

# विद्युतकर्मियों को उनके मूल पदों पर रखा जाये

आजाद सिपाही संवाददाता




**बुर्ला, संबलपुर।** पश्चिम ओड़िशा विद्युत अमला संघ की एक आपातकालीन बैठक बीते आठ जनवरी को श्रीलंका लज्या निबास सभागृह में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र प्रकाश राइगुरु ने की। बैठक में कार्यकारी सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से कर्मचारियों की पुनर्संरचना और पुनर्व्यवस्था पर विचार किया गया। विशेष रूप से कर्मचारियों के क्लेरिकल और प्रशासनिक स्तर पर पुनर्संरचना के परिणामस्वरूप उत्पन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पश्चिम ओड़िशा विद्युत विभाग के कर्मचारी, जिनकी नियुक्ति कार्यकाल/पदनाम के आधार पर की गयी है, उन्हें उनके मूल पदों पर रखा जाये। इसके अलावा कंपनी द्वारा बिना उचित सूचना के अचानक से कर्मचारियों को स्थानांतरित करने या उनके पदों को बदलने जैसे मुद्दों को तत्काल हल किया जये। संगठन ने टाटा पावर मैनेजमेंट से अनुरोध किया है कि वे अपने कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें और उनके हितों का ध्यान रखें।

# आर्किटेक्चर डिजाइन फिल्म फेस्टिवल में पवेलियन पार्टनर के रूप में भाग लेता है जिंदल स्टेनलेस

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने आर्किटेक्चर एंड डिजाइन फि ल्म फेस्टिवल के साथ साझेदारी की है, जो इस विश्व प्रसिद्ध इवेंट का दक्षिण एशियाई प्रीमियर है। यह फेस्टिवल 10-12 जनवरी तक मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में आयोजित किया गया है, जिसमें दुनिया भर की आर्किटेक्चर, डिजाइन और सिनेमाई कहानियों का मिश्रण लाया गया है, ताकि रचनात्मक मस्तिष्कों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके। ब्रांड ने श्रोफ्लिऑन, एक मुंबई स्थित पुरस्कार विजेता डिजाइन स्टूडियो, के साथ मिलकर एक अनूठी पवेलियन इंस्टॉलेशन के माध्यम से स्टेनलेस स्टील की परिवर्तनशील क्षमता को प्रदर्शित किया। इस इंस्टॉलेशन ने भारतीय परंपरागत बावली से प्रेरणा ली और विरासत और आधुनिकता को मिलाया, जो स्टेनलेस स्टील की बहुमुखी प्रतिभा और सौंदर्य अपील को एक कलात्मक माध्यम के रूप में प्रदर्शित करता है।

मौके पर बोलते हुए जिंदल लाइफस्टाइल की क्रिएटिव हेड और मैनेजिंग डायरेक्टर दीपिका जिंदल ने कहा कि स्टेनलेस स्टील हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है–यह एक ऐसा सामग्री है जो मजबूती, सुंदरता और अनंत संभावनाओं का प्रतीक है। यह सहयोग हमारे विश्वास का सम्मान करता है कि परंपरा को मानते हुए आधुनिकता को अपनाना चाहिए। इस इंस्टॉलेशन में स्टेनलेस स्टील की प्रतिबिंबित सुंदरता विरासत और नवाचार के एक मोहित करने वाले इंटरप्ले को बनाती है, और हमारे ब्रांड की ड्राइविंग फिलॉसफी को सजीव करती है। इस पवेलियन के माध्यम से, हम केवल डिजाइन नहीं दिखा रहे हैं; हम एक कहानी बता रहे हैं–एक कहानी कारीगरी, रचनात्मकता और स्टेनलेस स्टील के समयहीन आकर्षण की।

स्टेनलेस स्टील पवेलियन का केंद्रबिंदु था, जो नवाचार, स्थिरता और समयहीन डिजाइन के प्रति जिंदल स्टेनलेस की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मोनोलिथिक, मिरर-फिनिश स्टेनलेस स्टील संरचना ने एक प्रतिबिंबित और समावेशी अनुभव का निर्माण किया, जिसमें मूर्त और अमूर्त तत्वों का समेकित मिश्रण हुआ। इसकी अनूठी विशेषताएं, जैसे कि टिकाऊपन, संक्षारण प्रतिरोध, और अनुकूलता, जटिल कारीगरी को सक्षम बनाती हैं, जो इस जटिल इंस्टॉलेशन के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती हैं। पवेलियन ने स्टेनलेस स्टील की स्थिरता को उजागर किया, आधुनिक डिजाइन संवेदनशीलताओं के साथ संरेखित किया और वास्तुशिल्प उत्कृष्टता के लिए एक इको-फ्रेंडली समाधान पेश किया।















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**